दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 25 मार्च -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 91 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली | बुधवार 25 मार्च - 2026 | वर्ष : 11 अंक : 91 पेज - 08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## 13 साल की पीड़ा का हो गया अंत एम्स में हरीश राणा ने ली अंतिम सांस

### गाजियाबाद से जुड़ी कहानी ने देशभर को कर दिया भावुक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 13 वर्षों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने वाले हरीश राणा ने मंगलवार शाम करीब 4:10 बजे दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। उनकी मौत के साथ एक लंबा दर्दनाक और भावनात्मक संघर्ष समाप्त हुआ, लेकिन जाते-जाते उन्होंने अंगदान के जरिए मानवता को नई उम्मीद दे दी।,

हरीश राणा का परिवार लंबे समय से गाजियाबाद के राज नगर एक्टेंशन में रह रहा है। यहीं से उनके इलाज, देखभाल और संघर्ष की पूरी कहानी आगे बढ़ी थी। परिवार ने 13 साल तक हर संभव प्रयास किया तो गाजियाबाद से लेकर अस्पतालों और बड़े चिकित्सा संस्थानों तक, हर दरवाजा खटखटाया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हरीश का परिवार बेहद संघर्षशील रहा। सोसाइटी में रहने वाले लोग बताते हैं कि हर दिन उनके घर में उम्मीद और दुआओं का माहौल रहता था। गाजियाबाद के पड़ोसी और परिचित इस पूरे संघर्ष के गवाह रहे हैं।

### 2013 की घटना ने बदल दी जिंदगी

करंट क्राइम : हरीश राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वर्ष 2013 में चौथी मंजिल से गिरने के बाद उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह कोमा में चले गए। उस हादसे के बाद से उनका जीवन पूरी तरह बदल गया—मशीनों और इलाज के सहारे चलने लगा। हादसे के बाद परिजनों ने गाजियाबाद के कई अस्पतालों में उनका इलाज कराया। समय-समय पर उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जाता रहा और फूड पाइप के जरिए पोषण दिया जाता था। तो वहीं आखिरकार 14 मार्च 2026 को उन्हें एम्स दिल्ली के पैलिएटिव केयर वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने उनकी देखरेख की।

**अंगदान से उठी मानवता की मिसाल :** हरीश राणा के परिवार ने उनके निधन के बाद अंगदान का फैसला लेकर एक मिसाल पेश की। किडनी, लीवर, हृदय, फेफड़े और आंत जैसे अंग जरूरतमंद मरीजों को जीवन दे सकते हैं। हालांकि अंतिम निर्णय मेडिकल जांच के बाद ही होगा। गाजियाबाद में इस फैसले की हर तरफ सराहना हो रही है। लोग इसे दुख के बीच मानवता की सबसे बड़ी मिसाल बता रहे हैं।

### शोक में डूबा गाजियाबाद और परिवार

करंट क्राइम : जैसे ही हरीश के निधन की खबर सामने आई, गाजियाबाद में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर लोग भावुक संदेश लिखने लगे। मित्रों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों की आंखें नम हो गईं। हरीश राणा की कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस परिवार की है जिसने 13 वर्षों तक उम्मीद का साथ नहीं छोड़ा। गाजियाबाद की गलियों से शुरू हुआ यह संघर्ष आखिरकार एम्स में खत्म हुआ, लेकिन एक ऐसा संदेश देकर गया—कि इंसान जाते-जाते भी कई जिंदगियां बचा सकता है। हरीश अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी कहानी, उनका संघर्ष और उनका त्याग हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगा।

### इच्छामृत्यु जो कानूनी मंजूरी के बाद मिली मुक्ति

करंट क्राइम : लंबे समय से चल रही कानूनी प्रक्रिया के बाद सुप्रीम कोर्ट से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति मिली। यह फैसला न केवल परिवार के लिए भावनात्मक रूप से कठिन था, बल्कि देशभर में एक संवेदनशील बहस का विषय भी बना। डॉक्टरों की निगरानी में हरीश को शांतिपूर्ण तरीके से इस असहनीय पीड़ा से मुक्ति दिलाई गई।

## प्रधानमंत्री जनसभा तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल

### कहा, 450 से अधिक बसों में सवार होकर पहुंचेंगे कार्यकर्ता और रखेंगे अनुशासन का ख्याल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आ रहे हैं। इस दौरान वो एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की यह रैली सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए है और जब प्रधानमंत्री आयें तो संगठन की ये तैयारी है कि एक भी कुर्सी खाली ना हो। जो बसें रैली में पहुंचे वो खाली ना हों। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां पर भीड़ नहीं अपितु विशुद्ध रूप से अपने कार्यकर्ताओं की ताकत को दिखाना चाहता है।

संगठन अपनी तैयारियों में जुड़ा है। रैलियों की तैयारी की गंभीरता इस बात से लगाई जा सकती है कि मुख्यमंत्री आकर तैयारियों की समीक्षा करके गये हैं और मंगलवार को प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरूण पहुंचे। प्रधानमंत्री की जेवर रैली की तैयारियों को लेकर गहन समीक्षा हुई। बताते हैं कि इस बैठक में ये तय हुआ कि पूरे जिले से 400 से भी अधिक बसें सभा स्थल पर पहुंचे। सभी ने इस प्रस्ताव पर हाथ उठाकर सहमति दी। बसों को लेकर पूरा चार्ट तैयार है। कहां कहां से कार्यकर्ता इन बसों में सवार होंगे, इसका पूरा रोड मैप तैयार है। बताते हैं कि बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने ये भी संदेश दिया कि यह प्रधानमंत्री की रैली है और इस पर पूरे देश की नजर है। हम चाहते तो यहां दो से लाख की भीड़ भी जुटा सकते हैं। लेकिन हमने केवल पांच जिलों के कार्यकर्ता बुलाये हैं, पार्टी के समर्थक बुलाये हैं और चुने हुए कार्यकर्ताओं की एक सूची तैयार की है। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि इस रैली में कार्यकर्ताओं का अनुशासन दिखाई देगा। कार्यकर्ता पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ मौके पर मौजूद रहेंगे।

### नारे नहीं ताली और एक भी बस ना जाये खाली

करंट क्राइम। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल की समीक्षा बैठक में ये स्पष्ट दिखाई दिया कि प्रत्येक बिन्दु पर चर्चा हो रही है। वो जिस अनुशासन की बात कह रहे हैं उसी पर फोकस कर रहे हैं। सबसे पहले रैली को लेकर ये निर्देश कार्यकर्ताओं को मिले कि कोई भी कार्यकर्ता किसी व्यक्ति विशेष या किसी नेता के नाम का नारा नहीं लगायेगा। केवल पार्टी के नारे लगेंगे और सम्बोधन पर ताली बजानी है। इसकी वजह भी ये है कि कई बार नारों को लेकर आपस में वैमनस्य की भावना आने लगती है। इसके अलावा ये निर्देश दिये कि एक भी बस खाली नहीं जानी चाहिए। इसके अलावा ये भी बताया गया कि ऐसे कार्यकर्ताओं को रैली में लेकर जाना है जो प्रधानमंत्री का भाषण पूरे होने तक सभास्थल से उठकर ना जायें। ऐसे लोग इस रैली में जायेंगे जो सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक संयम के साथ सभा स्थल पर रहेंगे।

### हर बस का रहेगा एक प्रमुख और 8 बजे से चलेगी बस

करंट क्राइम। सभा स्थल पर समय से पहुंचना है और हर स्थिति में यातायात जाम से बचना है। कौन कार्यकर्ता किस क्षेत्र का है और कार्यकर्ताओं को कोई दिक्कत ना हो इसकी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बस का प्रमुख बनाया गया है और ये तय कर दिया गया है कि सुबह 8 बजे से बस को लेकर रैली के लिए रवाना होना है।

### संचालन संभाला गौरव चौपड़ा ने और समापन किया चैनपाल सिंह ने

करंट क्राइम। समीक्षा बैठक बेहद व्यवस्थित रही। यहां प्रमुख वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल और प्रभारी मंत्री असीम अरूण ही बोले। यहां मंच संचालन महानगर महामंत्री गौरव चौपडा ने किया और समीक्षा बैठक का समापन जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर ने किया। योजना बैठक में बृज बहादुर पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, मानवेन्द्र सिंह, सुभाष यदुवंशी, बसंत त्यागी, विधायक अजीत पाल त्यागी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दादरी की समाजवादी रैली से होगा सपा का चुनावी शंखनाद : राकेश यादव

### रैली की भीड़ करायेगी ताकत का एहसास




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी 29 मार्च को दादरी में एक बड़ी रैली आयोजित कर रही है। इस रैली को भाईचारा रैली का नाम दिया गया है और इसके संयोजक समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी है।

समाजवादी पार्टी पूरे तेवरों के साथ मैदान में आ रही है। इस रैली से एक दिन पहले जेवर में प्रधानमंत्री की रैली है। समाजवादी पार्टी के नेता तैयारियों में जुटे हैं। लगातार बैठक हो रही हैं। गाजियाबाद में भी वैशाली से लेकर विजय नगर तक बैठकों का दौर चल रहा है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और पूर्व एमएलसी राकेश यादव भी तैयारियों में जुटे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व एमएलसी राकेश यादव से समाजवादी रैली की तैयारियों को लेकर बात की। राकेश यादव ने कहा कि दादरी के मिहिर भोज कॉलेज में होने वाली ये पीडीए रैली है। ये भाईचारा समानता रैली है और इसमें सभी वर्गों के लोग आ रहे हैं। यहां पर उन्होंने कहा कि 28 मार्च की रैली और 29 मार्च की समाजवादी रैली में अंतर है।

उन्होंने कहा कि 28 मार्च वाली रैली में लोग बुलाये जायेंगे जबकि 29 मार्च को जब समाजवादी रैली होगी तो हजारों लोग खुद चलकर आयेंगे। इस रैली की राजनीतिक संदेश की बात पर पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि यह पीडीए की ताकत है और इस रैली से समाजवादी पार्टी 2027 के चुनावी रण का शंखनाद करेगी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है। राजनीतिक दलों की रैली और नोएडा से जुड़े मिथक के बारे में राकेश यादव ने कहा कि यह भ्रांति अब टूट रही है।

उन्होंने कहा कि शुरूआत हो चुकी है। रैली में अनुमानित भीड़ को लेकर उन्होंने कहा कि यहां 50 हजार से लेकर एक लाख की भीड़ आयेगी। सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता होंगे। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि समाजवादी रैली में लोग स्वयं आयेंगे। समाजवादी पार्टी इस रैली के माध्यम से चुनावी बिगुल फूंकेगी। जब पूर्व एमएलसी राकेश यादव से ये सवाल किया गया कि इस रैली में गुर्जर चेहरों की भागीदारी अधिक है और एक संदेश यह है कि यह गुर्जर सम्मेलन भी कहा जा रहा है। इस पर राकेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी मिहिर भोज की धरती से चुनावी बिगुल फूंक रही है। गुर्जर समाज अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास करा रहा है और वो अपनी राजनीतिक ताकत के यहां समाजवादी मंच से दिखायेंगे।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सभी वर्गों को सभी जातियों को साथ लेकर चलती है। यही समाजवाद है और समाजवाद की अवधारणा को किसी एक जाति में नहीं बांधा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह हर्ष की बात है कि गुर्जर समाज यहां आगे आया है और समाजवादी विचारधारा के साथ खड़ा है। रैली की सभी तैयारियां सम्पूर्ण हैं और चुनावी शंखनाद होने जा रहा है।

## कंजेशन फ्री कमिश्नरेट बनाने की मुहिम तेज ट्रैफिक पुलिस ने दुहाई गांव कट को किया जाम मुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद को कंजेशन फ्री जिला बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और ट्रैफिक पुलिस ने ठोस कदम उठाते हुए दुहाई गांव कट पर बड़ा बदलाव लागू किया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अनुसार, शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और लगातार लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए यह कार्रवाई व्यापक योजना के तहत की गई है। एडिशनल पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) राजकरन नैय्यर द्वारा लगातार ट्रैफिक अधिकारियों, फील्ड में तैनात कर्मियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

इसी क्रम में दुहाई गांव कट को चिन्हित कर यहां जाम मुक्त व्यवस्था लागू की गई है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, दुहाई गांव कट पर अनियंत्रित कट और वाहनों के अव्यवस्थित मूवमेंट के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। इसे देखते हुए इस कट को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। मौके पर मजबूत बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड और अन्य आवश्यक यातायात व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं, ताकि वाहन चालकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश मिल सकें।

### भारी वाहनों पर रहेगी नजर


करंट क्राइम : नई व्यवस्था के तहत भारी और ओवरलोड वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित किया गया है। साथ ही ट्रैफिक फ्लो को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग और निर्धारित यू-टर्न की व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब सभी वाहन चालकों को निर्धारित मार्ग और यू-टर्न का ही प्रयोग करना होगा। पीक आवर्स में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों और यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि एसीपी ट्रैफिक और यातायात निरीक्षकों को शहर के अन्य जाम प्रभावित स्थानों पर भी इसी प्रकार के प्रयोग और सुधारात्मक उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीपी का प्लान, नहीं लगे जाम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की प्राथमिकता है कि गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित किया जाए, ताकि आम जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके और लोग कम समय में सुरक्षित तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। पुलिस कमिश्नरेट का मानना है कि इस तरह के कदमों से आने वाले समय में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।

## नवरात्र पर मिशन शक्ति का संदेश, स्कूटी पिंक रैली से महिलाओं में बढ़ा सुरक्षा का विश्वास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्र के पावन अवसर पर महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा का संदेश देने के लिए मंगलवार को शहर में मिशन शक्ति के अंतर्गत भव्य स्कूटी पिंक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को पुलिस लाइन से पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित होने का संदेश देना था। यह रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर पुराना बस अड्डा, चौधरी मोड़, कोतवाली नगर, हापुड़ मोड़ होते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में महिला पुलिसकर्मियों का उत्साह देखने लायक था, वहीं आम लोगों ने भी जगह-जगह रैली का स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया। रैली चालू होने के अवसर आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच, डा.दीप्ति चौहान, एसीपी प्रियाश्री पाल वेव सिटी, एसीपी घंटाघर कोतवाली उपासना पांडे, महिला थाना अध्यक्ष और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी सरिता चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी शामिल रहीं। इसके साथ ही पिंक बूथ और मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### हुई पुष्प वर्षा और स्वागत

करंट क्राइम : जब रैली पुराना बस अड्डा क्षेत्र में पहुंची, तो यहां संतोष अस्पताल और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा महिला पुलिसकर्मियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। वहीं घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में व्यापारी संगठनों ने भी गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मिशन शक्ति अभियान का समर्थन किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि इस रैली के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि महिलाएं केवल सुरक्षा की जरूरतमंद नहीं हैं, बल्कि वे खुद भी समाज की सुरक्षा की मजबूत प्रहरी बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हर परिस्थिति में सशक्त बनाना है। रैली के जरिए शहरवासियों को यह स्पष्ट संदेश मिला कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस पूरी तरह सजग है और महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



# पश्चिम एशिया संकट के बीच आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम, 70 हजार करोड़ की परियोजना

## आयात सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वदेशी जहाज निर्माण पर जोर, ऊर्जा आपूर्ति पर सरकार का भरोसा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और इसके कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच, भारत ने अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम उठाया है। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि आयात के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की विशाल स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना शुरू की है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत वैश्विक अस्थिरता के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर राज्यसभा में बोलते हुए कहा, एलपीजी के घरेलू उत्पादन को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बीते वर्षों में सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि हर क्षेत्र में दूसरे देशों में निर्भरता कम से कम हो। हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों, यही एकमात्र विकल्प है। जैसे भारत का 90 प्रतिशत से अधिक तेल विदेशी जहाजों पर होता है, यह स्थिति किसी भी वैश्विक संकट में भारत की स्थिति को और भी गंभीर बना देती है। इसलिए सरकार ने मेड इन इंडिया जहाज बनाने के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपये का अभियान शुरू किया है। भारत आज जहाज निर्माण पर तेज गति से काम कर रहा है।

**विदेशी जहाजों पर 90% निर्भरता और रणनीतिक जोखिम :** भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक आयात पर टिकी हैं। प्रधानमंत्री ने उच्च सदन को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जब भी कोई वैश्विक चुनौती या संकट आता है, तो भारत को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा विदेशी जहाजों से ही आता है। लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन के इसी जोखिम से निपटने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी उपलब्ध स्रोतों से गैस और कच्चे तेल की खरीद करने की कोशिश कर रही है, और आने वाले दिनों में भी प्रयास जारी रहेंगे क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक स्तर पर एक गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है।

### पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय: पीएम मोदी

राज्यसभा में एक बयान में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय है और भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य युद्ध को कम करना और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना है, और देश का प्रयास सभी वर्गों को सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया का संकट लंबे समय तक बना रहता है, तो गंभीर परिणाम सामने आने की आशंका है। भारत द्वारा ऊर्जा सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 53 लाख मीट्रिक टन रणनीतिक तेल भंडार सृजित किए गए हैं; 65 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त क्षमता पर काम जारी है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने 10वीं के मेधावी छात्रों को लैपटॉप नौवीं की छात्राओं को मुफ्त साइकिल देने का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने दिल्ली की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इस बार हमने दिल्ली का बजट 'हरित बजट' के रूप में प्रस्तुत किया है।

दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ का बजट पेश किया है। बजट में विकास कार्यों के अलावा प्रदूषण और महिलाओं, युवाओं पर भी विशेष फोकस रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 9 की 1.30 लाख बेटियों को मुफ्त साइकिलें उपलब्ध कराने का एलान किया है। इस योजना के लिए 90 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं 10वीं के मेधावी छात्रों को लैपटॉप देने की घोषणा की गई है। जानें बजट की कुछ अहम बातें-

विद्युत विभाग के लिए 3,942 करोड़ दिल्ली के बजट में विद्युत विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2027 का बजट पेश करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने अग्निशमन विभाग के लिए 674 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

**सड़क सुधार के लिए एमसीडी को 1,000 करोड़ :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2027 का बजट पेश करते हुए कहा कि दिल्ली में सड़क सुधार के लिए एमसीडी को 1,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'धूल रहित सड़कों' के लिए पीडब्ल्यूडी को बजट में 1,352 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली सरकार ने नजफगढ़ नाले के किनारे सड़कों के लिए बजट में 454 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

### महिला सुरक्षा को 50 करोड़ रुपये की निधि

दिल्ली सरकार ने अपने बजट में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की विशेष निधि आवंटित की गई है। सरकार शहर के अंधेरे स्थानों की पहचान करेगी। इन जगहों पर नई लाइटें और संवेदक लगाए जाएंगे। इन लाइटों को आधुनिक बनाया जाएगा।

### 10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिलेगा लैपटॉप

सीएम रेखा गुप्ता ने बजट में छात्र-छात्राओं को लेकर भी बड़े एलान किए हैं। सीएम ने 10वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की घोषणा की है। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

### आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के दायरे में ट्रांसजेंडर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, दिल्ली सरकार ट्रांसजेंडरों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के दायरे में लाने के लिए 202 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। दिल्ली सरकार नए 750 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 1,500 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि पूर्व आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा अधूरे छोड़े गए सात आईसीयू अस्पतालों को 150 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।

- स्वास्थ्य के लिए 12645 करोड़ का प्रावधान
- दिल्ली सरकार के 2026-27 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,645 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- जलभराव के समाधान के लिए 610 करोड़
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार मानसून के दौरान जलभराव को रोकने के लिए अथक प्रयास कर रही है। सिंचाई विभाग को 610 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- दिल्ली जल बोर्ड को 9,000 करोड़ रुपये
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, दिल्ली सरकार के बजट में दिल्ली जल बोर्ड को 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# लालू यादव को हाईकोर्ट से झटका, जमीन के बदले नौकरी मामले में याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सीबीआई की एफआईआर और आरोपपत्र को रद्द करने की लालू प्रसाद यादव की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह नौकरी के बदले जमीन घोटाला पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर (मध्य प्रदेश) स्थित जोन में ग्रुप डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्तियां लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल (2004-2009) के दौरान हुई थीं। इन नियुक्तियों के बदले में, कथित तौर पर जमीन के पार्सल लालू प्रसाद के परिवार या सहयोगियों के नाम पर उपहार के तौर पर या हस्तांतरित किए गए थे। राबड़ी देवी की याचिका पर हाईकोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब इससे पहले हाईकोर्ट ने सोमवार को नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मनोज जैन की एकल पीठ ने राबड़ी देवी की याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को निर्धारित की है।

### राबड़ी देवी ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को दी है चुनौती

राबड़ी देवी ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 1,600 से अधिक अप्रयुक्त दस्तावेज उपलब्ध कराने से इन्कार किया गया था। यह दस्तावेज जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा जब्त किए गए थे, लेकिन अभियोजन पक्ष ने इन्हें अपनी चार्जशीट में शामिल नहीं किया है। 18 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी और उनके पति पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिकाओं को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ट्रायल की इस प्रारंभिक अवस्था में सभी अप्रयुक्त दस्तावेज एक साथ उपलब्ध कराना घोड़े से पहले गाड़ी रखन जैसा होगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो सकती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को हर दस्तावेज स्वतः प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। अभियोजन पक्ष पहले अपने सबूत पेश करेगा, उसके बाद आवश्यकता पड़ने पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

# कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को यूएपीए मामले में उम्रकैद की सजा



**नई दिल्ली।** अदालत ने अपने फैसले में आसिया अंद्राबी को दोषी ठहराया। उन पर भारत विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप था। दिल्ली की एक अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में दी गई है। अदालत ने अपने फैसले में आसिया अंद्राबी को दोषी ठहराया। उन पर भारत विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप था। यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय लिया।

आसिया अंद्राबी को उनकी भूमिका के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली है। इस फैसले को अलगाववादी तत्वों के खिलाफ एक कड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। यह निर्णय देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। इस सजा के बाद आसिया अंद्राबी को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा।

**ये है आरोप :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोप लगाया था कि आसिया ने घृणा फैलाने वाले भाषणों, साजिश और आतंकी गतिविधियों के जरिये देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोशिश की। उन्होंने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दिया व प्रतिबंधित संगठनों से संपर्क बनाए रखा। दुख्तरान-ए-मिल्लत भी यूएपीए के तहत प्रतिबंधित है। एनआईए ने अप्रैल, 2018 में मामला दर्ज किया था।

# इच्छामृत्यु के बाद थमी 13 साल की पीड़ा, हरीश राणा का निधन

## एम्स में चल रही निगरानी के बीच अंत, मां की दुआओं के साथ खत्म हुआ संघर्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एम्स में भर्ती गाजियाबाद के हरीश राणा का आज निधन हो गया। बीते सोमवार को मेडिकल कमेटी की बैठक हुई। जिसमें निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। गाजियाबाद के हरीश राणा का आज दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे बीते 13 साल से कोमा में थे। देश के सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों उन्हें इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे।

उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। अस्पताल में एक हफ्ते से उनकी गहन निगरानी जारी थी। 23 मार्च को डॉक्टरों ने बताया था। उन्हें कुछ दिन और निगरानी में रखा जा सकता है। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल रही थी। इस दौरान उनके माता-पिता किसी चमत्कार का इंतजार कर रहे थे।

**इच्छामृत्यु की प्रक्रिया :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा इच्छामृत्यु की इजाजत मिलने के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई थी। हरीश राणा 13 साल से कोमा में थे। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही थी। एक सप्ताह तक बिना भोजन और पानी के रहने के बाद उनका निधन हुआ। यह एक जटिल और संवेदनशील मामला था।

**यह है मामला :** जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। गंभीर रूप से घायल हरीश को तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। बाद में दिसंबर 2013 में उसे दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वह क्वाड्रिप्लेजिया से ग्रसित है।

इस स्थिति में उसके हाथ-पैर पूरी तरह निष्क्रिय हो गए और वह जीवन भर बिस्तर पर रहने को मजबूर हो गए। हरीश के असहनीय दर्द और शारीरिक अक्षमता के कारण माता-पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में इच्छामृत्यु की अपील की, जिसे 8 जुलाई 2025 को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

### बेटे के निधन से पहले मां की प्रार्थना

हरीश की मां अस्पताल के गलियारे में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रही थीं। बेटे के निधन से पहले मां ने भावुक होकर अपनी बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मेरा बेटा सांस ले रहा है। उसकी धड़कन अभी भी चल रही है। मां ने यह भी कहा कि वह मुझे छोड़कर जा रहा है।

# 27 मार्च से होंगे राज्य पैरालंपिक गेम्स 13 जिलों के 150 पैरा खिलाड़ी दिखाएंगे दम




**देहरादून।** पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से राजधानी दून में तीन दिन राज्य पैरा गेम्स का आयोजन किया जाएगा। पैरा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 27 से 29 मार्च तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाले पैरा गेम्स में प्रदेश के 13 जिलों की टीमें भाग लेंगी।


अर्थव्यवस्था व सामाजिक सूचकांक में सुधार, विकसित उत्तराखंड के लिए काफी कुछ करना बाकी

प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए आयोजक सचिव प्रेम कुमार ने बताया कि पैरा गेम्स के तहत पैरा एथलेटिक्स, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस की स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में करीब 150 पैरा खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। खिलाड़ियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मार्च तय की गई है।

## झुंझुनूं सबसे आगे, शिक्षा मंत्री का गृह जिला पिछड़ा

# देखें जिलेवार टॉप फाइव सूची

**अजमेर।** अजमेर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित माध्यमिक (कक्षा 10) एवं व्यावसायिक मुख्य परीक्षा 2026 का विस्तृत जिला-वार परिणाम जारी कर दिया गया है। इस वर्ष प्रदेश का कुल परिणाम बेहद संतोषजनक रहा है और अधिकांश जिलों ने 90 प्रतिशत से अधिक उत्तीर्णता दर्ज की है, जो शिक्षा के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।




जिला-वार आंकड़ों के अनुसार, झुंझुनू ने 97.77 प्रतिशत परिणाम के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके बाद डीडवाना (97.59%) और सीकर (97.43%) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन जिलों ने न केवल उच्च पास प्रतिशत हासिल किया, बल्कि प्रथम श्रेणी में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी सफल हुए हैं। राजधानी जयपुर में इस बार सबसे अधिक 99,570 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 94,251 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 59,216 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। जिले का कुल परिणाम 94.66 प्रतिशत रहा। हालांकि राजधानी होने के बाद भी प्रदेश के कई अन्य जिले जयपुर से आगे रहे।

प्रथम श्रेणी के परिणामों में सीकर (32,210) और जोधपुर (29,294) भी प्रमुख रूप से आगे रहे। दूसरी ओर, कुछ जिलों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा। धौलपुर में सबसे कम 87.52 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया।

# नकली अफसर का असली चेहरा बेनकाब, दुल्हन को दिया धोखा

### जांच में खुली पोल, पुलिस ने जालौन से किया गिरफ्तार



**गोरखपुर।** इटावा के इकदिल इलाके के प्रीतम ने खुद को आईएएस अधिकारी के तौर पर बताकर गोरखपुर के एक परिवार को झांसा दिया और घर की बेटी से शादी कर ली। लेकिन संदेह पर परिवार वालों ने इटावा जाकर मामले की तस्दीक की तो पूरी कहानी फर्जी निकली। गोरखपुर में परिवार ने कैंट थाने में आरोपी प्रीतम के खिलाफ केस दर्ज कराया। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी प्रीतम को जालौन जिले से गिरफ्तार कर गोरखपुर लेकर आ गई।

इटावा के इकदिल इलाके के प्रीतम ने खुद को आईएएस अधिकारी के तौर पर बताकर गोरखपुर के एक परिवार को झांसा दिया और घर की बेटी से शादी कर ली। लेकिन संदेह पर परिवार वालों ने इटावा जाकर मामले की तस्दीक की तो पूरी कहानी फर्जी निकली। गोरखपुर में परिवार ने कैंट थाने में आरोपी प्रीतम के खिलाफ केस दर्ज कराया। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी प्रीतम को जालौन जिले से गिरफ्तार कर गोरखपुर लेकर आ गई।

शहर की युवती से शादी करने वाला फर्जी आईएएस प्रीतम हाईस्कूल पास है। आरोपी किराए के मकान को अपना बताकर शादी रचाई थी। दूल्हे का असली रूप सामने आया तो वधू पक्ष ने विदाई के तुरंत बाद हंगामा किया और बेटी को अपने साथ लेकर शहर आ गए थे। इसका पदार्फाश पुलिस की जांच में हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रीतम निषाद उर्फ लल्लू राम, निवासी अंडवा की मड़ैया (थाना बकेवर), इटावा ने गोरखपुर के परिवार को अपने झूठे आईएएस होने का भरोसा दिलाया।

# राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला विदेश नीति को बताया निजी एजेंडा

### बोले—दुनिया में मजाक बन रही भारत की नीति, ट्रंप के प्रभाव में होने का आरोप



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बीते 25 दिनों से जारी संघर्ष के चलते अब भारत की राजनीति में सियासी गर्माहट बढ़ गई है। जहां एक तरफ सोमवार को लोकसभा के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में भी पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत सरकार का रुख साफ किया। वहीं दूसरी ओर संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर उनकी विदेश नीति को लेकर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की विदेश नीति अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी विदेश नीति बन गई है। इस बात का असर हम देख पा रहे हैं कि ये एक मजाक बनकर रह गया है। पूरी दुनिया इसे मजाक मानती है।

### राहुल गांधी ने दी चेतावनी

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं। ट्रंप को पूरा पता है कि पीएम मोदी क्या करने वाले हैं और क्या नहीं। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री की स्थिति कमजोर हुई, तो देश की विदेश नीति भी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर लिया, कल संसद में बेतुका भाषण दे दिया। इससे भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कोई ठोस रुख नहीं दिखाई दिया। आम जनता को करना पड़ेगा मुश्किलों का सामना– राहुल इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इन कारणों के चलते आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर (गाजियाबाद)।**

पत्रांकः 340 /न0पा0परि0खो0/2026 दिनांकः 24 मार्च 2026

**विज्ञप्ति**

**नगर पालिका परिषद, खोड़ा–मकनपुर सीमान्तर्गत "निर्माण और विध्वन्स कचरा (C&D Waste)" से सम्बन्धित सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **"निर्माण और विध्वन्स कचरा (C&D Waste)"** के निस्तारण हेतु नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर द्वारा हेल्पलाइन नम्बर 9899845685 निर्धारित किया गया है, उक्त कार्य हेतु पालिका का वाहन सं0 UP14HT-2738 निर्धारित है। यदि किसी व्यक्ति/प्रतिष्ठान को अपने निर्माण और विध्वन्स कचरे (C&D Waste) को निस्तारित कराना है तो वह नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नम्बर 9899845685 पर सम्पर्क कर एवं निर्धारित शुल्क जमा कराने के पश्चात अपने निर्माण और विध्वन्स कचरे (C&D Waste) का निस्तारण करा सकते है।

अन्यथा की स्थिति में पालिका सीमान्तर्गत यदि कोई व्यक्ति खुले में **"निर्माण और विध्वन्स कचरे (C&D Waste)"** को छोडता है तो उस पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0 खोड़ा–मकनपुर,
गाजियाबाद।

**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर (गाजियाबाद)।**

पत्रांकः 341 /न0पा0परि0खो0/2026 दिनांकः 24 मार्च 2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर जनपद गाजियाबाद सीमान्तर्गत यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान/खुले में कूड़ा फेंकता या जलाता हुआ पाया जाता है, तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यूनतम 5000/– रूपये जुर्माना वसूल किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0 खोड़ा–मकनपुर,
गाजियाबाद।

# वित्त मंत्री चीमा संभालेंगे ट्रांसपोर्ट विभाग, लालजीत भुल्लर का जेल डिपार्टमेंट अब डॉ. रवजोत के पास

**पंजाब।** पंजाब वेयरहाउस के जिला मैनेजर रहे गगनदीप सिंह रंधावा के खुदकुशी मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के विभागों का बंटवारा किया गया है। पंजाब सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के पोर्टफोलियो में फेरबदल किया है। पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद उनके दोनों विभाग दूसरे मंत्रियों को दिए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल चीमा को ट्रांसपोर्ट विभाग दिया गया है। वहीं जेल विभाग की जिम्मेदारी डॉ. रवजोत को दी गई है। उक्त दोनों विभाग पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के पास थे।

इस मामले में पूर्व मंत्री लाल सिंह भुल्लर को पुलिस ने सोमवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। भुल्लर को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। आज उनके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### भुल्लर की पोस्ट पर क्या बोली रंधावा की बेटी

वहीं भुल्लर की खुद को निर्दोष बताने वाली सोशल मीडिया पोस्ट पर रंधावा की बेटी ने मीडिया के सामने बयान दिया है। रंधावा की बेटी ने कहा कि भुल्लर की ओर से खुद को निर्दोष बताए जाने के दावे बेबुनियाद हैं। उनके मुताबिक, उनके पिता को लगातार फोन कॉल के जरिए दबाव डाला जाता था। उन्होंने कहा कि इन कॉल्स की संख्या काफी है और इसकी जांच साइबर सेल से कराई जानी चाहिए, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित सरकारी कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाए। उनका कहना है कि वीडियो में उनके पिता यह कहते दिखाई देते हैं कि उन पर दबाव बनाया जा रहा था।

परिवार की ओर से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कॉल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस और अन्य एजेंसियों की कार्रवाई की ओर से बनती कार्रवाई की जा रहीं है।


### यह है मामला

गगनदीप सिंह रंधावा ने शुक्रवार रात को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने मरने से पहले बनाए वीडियो में पंजाब के मंत्री लालजीत भुल्लर का नाम लिया था।

वीडियो सामने आने के बाद सीएम ने तुरंत मंत्री का इस्तीफा ले लिया था। इसके बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और परिवार का दबाव बढ़ा तो भुल्लर, उसके पिता और उसके पीए के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देश में ईंधन की कोई कमी नहीं, सरकार ने दी बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। साथ ही, सिटी गैस वितरण संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन के विस्तार के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, बड़ी संख्या में कार्गो लाइन में लगे हुए हैं। देश भर के एलपीजी वितरकों के पास किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई थी। लेकिन एलपीजी की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है। मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति भी पर्याप्त मात्रा में हो रही है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी की आपूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित की गई है।

दैनिक
www.currentcrime.com
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | बुधवार 25 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# अपराध नियंत्रण और विकास में उत्तर प्रदेश बना अग्रणीः असीम अरुण

## हाउस टैक्स का अतिरिक्त बोझ जनता पर नहीं आने देंगे -प्रभारी मंत्री ● हापुड़ चुंगी पर बनेगा नया फ्लाईओवर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने मंगलवार को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी, गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपराध नियंत्रण और विकास, दोनों ही क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि एक समय जिस गाजियाबाद की पहचान अपराध के लिए होती थी, आज वहीं पुलिस की सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई से कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अब ऐसे प्रभावी कदम उठा रही है, जो पहले केवल स्वतंत्र एजेंसियों से अपेक्षित होते थे।

### हापुड़ चुंगी पर बनेगा नया फ्लाईओवर

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जानकारी दी कि हापुड़ चुंगी पर जल्द ही नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा। यह फ्लाईओवर लगभग 6 किलोमीटर लंबा होगा, जिससे शहर को वैकल्पिक मार्ग मिलेंगे और ट्रैफिक जाम की समस्या में स्थायी राहत मिलेगी। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि गाजियाबाद आज प्रदेश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे जिलों में शामिल है। यहां हवाई अड्डा, देश की पहली हाई स्पीड ट्रेन परियोजना, सिक्स लेन हाईवे और ग्रीन कॉरिडोर जैसे बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू की छवि से निकलकर उत्तम प्रदेश बन चुका है और देश के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है।

### बिजली व्यवस्था पर कसा अखिलेश पर तंज

करंट क्राइम : बिजली कटौती और नए मीटरों को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री असीम अरुण ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले कुछ चुनिंदा जिलों को ही बिजली मिलती थी, जबकि अब गाजियाबाद और नोएडा जैसे शहरों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रीपेड मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार लगातार कंपनियों से संवाद कर रही है और अधिकारियों को फील्ड में उतारा गया है।

### हाउस टैक्स पर सरकार का संतुलित रुख

करंट क्राइम : हाउस टैक्स के मुद्दे पर मंत्री असीम अरुण ने स्पष्ट किया कि विकास के लिए संसाधन जरूरी हैं, लेकिन आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि महापौर सुनीता दयाल और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और सरकार इस दिशा में संतुलित समाधान निकाल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मामला न्यायालय तक गया, लेकिन जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जा रहे हैं।

### प्रदेश बना विकास का ग्रोथ इंजन

करंट क्राइम : मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि निवेश, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी आई है, जिससे गाजियाबाद में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हो रही है। साथ ही, क्रिकेट स्टेडियम, मल्टीलेवल पार्किंग और अन्य शहरी परियोजनाएं भी तेजी से विकसित की जा रही हैं।

### 11 अप्रैल को होगा हेरिटेज रन 2026

करंट क्राइम : इस दौरान इंडियन ऑइल गाजियाबाद हैरिटेज नाइट रन 2026 का टी-शर्ट और टीजर भी लॉन्च किया गया। जानकारी दी गई कि 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस मैराथन में देश-विदेश के धावक भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 28 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि रखी गई है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए 2 किलोमीटर की व्हीलचेयर रेस भी आयोजित की जाएगी, जबकि अलग-अलग श्रेणियों में अन्य दौड़ें भी होंगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, सीडीओ अभिनव गोपाल सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री जी के भाषण के दौरान ये भी रहा अभूतपूर्व किरदार जब हुए यहां पूर्व हो चुके चेहरों के प्रमुखता से दीदार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समय परिवर्तनशील है और एक दिन सबको पूर्व हो जाना है। कोई कितने भी बड़े पद का हो लेकिन समय सबकी हदें तय करता है। ऐसे में कार्यकाल पूरा होता है तो सब पूर्व हो जाते हैं। लेकिन कई बार पूर्व वाले चेहरे भी अभूतपूर्व तरीके से अपनी मौजूदगी का एहसास कराते हैं। प्रभारी मंत्री असीम अरूण जब गाजियाबाद आये तो यहां उनके साथ पूर्व हो चुके चेहरे प्रमुखता से नजर आये।

इन चेहरों की मौजूदगी को लेकर चर्चा रही और यहां ये भी चर्चा थी कि कुछ भी हो लेकिन पूर्व वाले भी अभूतपूर्व तरीके से अपनी ताकत का एहसास करा रहे हैं। कलेक्ट्रेट में वर्तमान वाले तो नजर नहीं आये लेकिन यहां पूर्व वाले अपनी ताकत को फील करा रहे थे। पूर्व सांसद डॉ अनिल अग्रवाल यहां प्रभारी मंत्री केस ाथ नजर आये। बडी बात ये थी कि यहां मौजूदा टीम के पदाधिकारी नजर नहीं आये लेकिन तीन पूर्व पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को निभाते नजर आये। प्रभारी मंत्री के साथ पूर्व वालों का होना भी चर्चा में रहा।

चर्चा इस बात को लेकर हुई कि आखिर नई टीम का कोई पदाधिकारी यहां मौजूद क्यों नहीं है। पूर्व वाले एक्टिव दिखाई दिये। प्रभारी मंत्री असीम अरूण के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल गर्मजोशी के साथ थे। वहीं यहां पूर्व महामंत्री भी प्रभारी मंत्री के साथ फ्रेम में थे। पूर्व महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल मौजूद थे। पूर्व महानगर महामंत्री सुशील गौतम मौजूद थे। ये दोनों पूर्व महामंत्री प्रभारी मंत्री असीम अरूण के साथ थे। ये इस बात का संकेत था कि अभी पूर्व वालों के पास ऊर्जा बाकी है। वो अभी अनदेखी के बादलों से नहीं घिरे हैं और जिले के प्रभारी मंत्री अगर उन्हें अपने साथ लेकर चल रहे हैं तो ये एक बड़ी बात है। इस बडी बात के बीच में एक बड़ी बात ये भी है कि पूर्व हो चुके राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल भी इन सभी को साथ लेकर चल रहे हैं।

# 2012 में सभी पांच सीटों पर जीत हासिल की थी बसपा ने, अब प्रत्याशी के पड़ने लगे लाले

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक समय गाजियाबाद की सभी पांच विधानसभा सीटों पर कब्जा जमाने वाली बहुजन समाज पार्टी के लिए अब प्रत्येक विधानसभा में प्रत्याशी मिलना तक मुश्किल हो गया है। 2012 में गाजियाबाद की सभी पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। गाजियाबाद से सुरेश बंसल, लोनी से जाकिर अली, मुरादनगर से वहाब चौधरी साहिबाबाद से अमरपाल शर्मा और मोदीनगर से रामपाल ने जीत हासिल की थी। इनमें से गाजियाबाद के विधायक रहे सुरेश बंसल का निधन हो गया। इसके अलावा साहिबाबाद के विधायक रहे अमरपाल शर्मा सपा में शामिल हो गए। मोदी नगर के विधायक रहे रामपाल मास्टर राजनीति से दूर हो गए और मुरादनगर के विधायक रहे वहाब चौधरी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। 2027 विधानसभा चुनाव की अगर बात की जाए तो गाजियाबाद लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांच विधानसभा सीटों पर बसपा को प्रत्याशी तलाशने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को जिले की 5 सीटों में प्रत्याशी मिलने में एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा था। अंतिम समय में पार्टी को ऐसे कार्यकताओं को टिकट देना पड़ा जिनका विधानसभा क्षेत्र में कोई




जन आधार नहीं था। 2022 विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद सीट से बसपा को कोई प्रत्याशी नहीं मिला तो भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री केके शुक्ला को अंतिम समय पर टिकट दिया गया। जिंदगी भर भाजपा की राजनीति करने वाले के के शुक्ला को ना तो बसपा के कॉडर समझ पाए और ना ही बसपा के कोर वोटर्स ने उनका समर्थन किया। नतीजा यह हुआ कि के के शुक्ला मात्र 10% वोट ही हासिल कर पाए। गाजियाबाद विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा ने परमानंद गर्ग को अपना प्रत्याशी बनाया था। वैश्य समाज के लोगों की संख्या ज्यादा होने के बावजूद परमानंद गर्ग उपचुनाव में अपना प्रभाव नहीं दिखा सके।यही हाल साहिबाबाद में भी रहा साहिबाबाद में बसपा ने अंतिम समय पर अजीत पाल को टिकट दिया जिनका साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई जन आधार नहीं था। यही हाल लोनी, मुरादनगर और मोदीनगर विधानसभा सीटों पर भी रहा।

गाजियाबाद विधानसभा सीट कभी बसपा का गढ़ हुआ करती थी। पूर्व विधायक सुरेश बंसल ने अपनी राजनीतिक राजनीति और व्यवहार के चलते बसपा की जमीन मजबूत की थी लेकिन उनके निधन के बाद बसपा की यह जमीन धीरे-धीरे खिसकती गई अब तो हाल यह है कि बसपा को अपनी जमीन तलाशने के लाले तक पड़ गए। दलित मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण गाजियाबाद हमेशा से ही बसपा का मजबूत कर रहा है। लेकिन 2017 के बाद से बसपा गाजियाबाद में कमजोर होती गई और बसपा का वोट बैंक धीरे-धीरे ही सही बीजेपी में तब्दील होती गई यही हाल साहिबाबाद का रहा। साहिबाबाद में भी अमरपाल शर्मा ने बसपा कार्यकताओं का एक मजबूत बेस तैयार किया था। 2017 का चुनाव आते-आते बसपा का यह बसें पूरी तरह खंडित हो गया।

5 साल बीत गए लेकिन बसपा के संगठन में कोई मजबूती नहीं आई है। अब जब चुनाव होने में 1 वर्ष का समय रह गया है ऐसे में बसपा में प्रत्याशियों की तलाश शुरू हो गई है सूत्रों का कहना है कि बसपा को ऐसा कोई भी प्रत्याशी नहीं मिल पा रहा है जिसका विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जन आधार हो और बसपा कदर के बीच लोकप्रिय हो ऐसे में यह आश्चर्य नहीं होगा कि अगर बसपा सभी पांच सीटों पर बाहर के या दूसरे दलों से आने वाले कार्यकताओं को टिकट दे। बसपा नेतृत्व की ओर से पिछले कुछ महीनो से संगठन में भारी फेरबदल किया जा रहा है पुराने नेताओं को दरकिनार कर या तो उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया या फिर उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया ऐसे कई नेता है जो जिला अध्यक्ष या विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर थे वे अब पार्टी में दिख नहीं रहे ऐसे नेताओं में जिला अध्यक्ष राम प्रसाद प्रधान, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र जाटव आदि अब संगठन के कार्यक्रमों में नहीं दिखते हैं। कुछ वर्षों के दौरान बसपा में ऐसे कार्यकताओं को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया गया जिनका कार्यकताओं या गाजियाबाद की जनता के बीच कोई पैठ नहीं है। हाल के वर्षों में बसपा ने कई जिला अध्यक्षों को हटाकर नए कार्यकताओं को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। कुलदीप ओके जैसे संगठन के कार्यों को देखने वाले पूर्व अध्यक्ष को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया पूर्ण बिना अब जब विधानसभा चुनाव होने में 1 साल का समय रह गया है राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि बसपा से इन पांच विधानसभा क्षेत्र से कौन प्रत्याशी होगा। खुद पार्टी कार्यकताओं का कहना है कि गाजियाबाद के पांच विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई दमदार नाम नहीं है जिस पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया जाए जो भी कार्यकर्ता है वह या तो अनुभवहीन है या उनका पार्टी या विधानसभा क्षेत्र में कोई जन आधार नहीं है।

# केसी त्यागी की ज्वाइनिंग से रालोद में होगा त्यागी समाज का वजूद मजबूत कई प्रमुख त्यागी चेहरों का बढ़ेगा हैंडपम्प के प्रति आकर्षण, भाजपा में शुरू हुआ चिंतन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में जाति का एक गणित होता ही है। संगठन से लेकर सरकार तक इस समीकरण को साधा जाता है। जब कभी किसी भी समाज का कोई बड़ा चेहरा किसी राजनीति के साथ आकर जुड़ा है तो एक सामान्य संभावना इस बात की बन जाती है कि उस चेहरे की जाति के लोग कहीं ना कहीं इस दल की विचारधारा से जुड़ जायेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति की बात करें तो यहां एक बड़ा परिवर्तन हुआ है। ये परिवर्तन पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी की राष्ट्रीय लोकदल में आमद के बाद हुआ है। केसी त्यागी केवल त्यागी समाज के नेता नहीं है बल्कि वो राष्ट्रीय राजनीति का ऐसा चेहरा हैं जो कई प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद की स्थिति में है। एक ऐसा चेहरा हैं जो लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति के फोकस पर हैं।

केसी त्यागी अब जब रालोद में आ गये हैं तो सियासी विश्लेषक लगातार इस बात पर मंथन कर रहे हैं कि त्यागी समाज के इस चेहरे के आने के बाद राष्ट्रीय लोकदल को कितना बल मिलेगा। केसी त्यागी गाजियाबाद से हैं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी बिरादरी की एक बड़ी पकड़ है। वो राजनीति के उन चेहरों में हैं जो पीएम से लेकर सीएम तक अपनी पकड़ रखते हैं। संवाद कायम कर सकते हैं। राजनीति के बौद्धिक चेहरों में शामिल होते हैं और एक लंबा अनुभव उनके पास है। राजनीतिक जमीन मजबूत है और व्यक्तित्व ऐसा है कि हमेशा सिद्धांतों और तथ्यों पर बात करते हैं। जदयु की राजनीति से रालोद की राजनीति का सफर लंबा सफर है। सवाल अब ये है कि जब त्यागी समाज के चेहरे के रूप में केसी त्यागी रालोद में आ गये हैं तो यहां भाजपा को भी अब अपने त्यागी समाज के नेताओं को तवज्जों देनी होगी। ये सियासत का तकाजा है कि अभी से ये फिक्र करनी होगी। उन नेताओं का जिक्र करना होगा जो बिरादरी में मजबूत हैं। समाज का भी ये प्रयास रहेगा कि उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़े। यहां पर ये तथ्य भी महत्वपूर्ण रूप से सामने आयेगा कि त्यागी समाज की फ्रिक खुद केसी त्यागी ने कितनी की है। उन्होंने पश्चिम के कितने नेताओं के साथ संवाद कायम रखा है। वो किन मौकों पर उनके लिए सहयोगी के रूप में आये हैं। हालांकि जो लोग उन्होंने नजदीक से जानते हैं वो ये भी बताते हैं कि केसी त्यागी एक ऐसे नेता हैं वो भले ही दिल्ली में रहें या बिहार की राजनीति में एक्टिव रहें । लेकिन वो कभी भी अपनी जड़ों से अलग कभी नहीं हुए हैं। जो उनके पुराने साथी हैं जो त्यागी समाज के पुराने चेहरें हैं उनकी बात का उन्होंने हमेशा मान रखा है। लेकिन यहां पर सवाल भाजपा के लिए यही है कि वो अपना सियासी त्यागी बैकअप कितना संभाल कर रखती है। आज चुनावी गठबंधन है कल क्या होगा, कोई नहीं जानता और कई बार राजनीति में ऑन द स्पॉट समीकरण बनते हैं। ऐसे में भाजपा को अब कुछ सीटों पर फोकस करना होगा। जब 2027 की बात होगी तो एक एक सीट पर पेंच फंसेगा और तब उन सीटों पर जरूर मंथन होगा जहां त्यागी वोट बहुतायत में हैं। इसके अलावा त्यागी समाज के वो चेहरे भाजपा को सहेज कर रखने होंगे जो चुनाव को मजबूती देने की स्थिति में हैं। सियासत में यूपी से अब त्यागी चेहरों पर फोकस होगा। अब ये चर्चा अक्सर चलती है कि यूपी की सियासत में त्यागी समाज का रोल कितना है। उसके समाज के कितने विधायक मंत्री हैं। संगठन में इस समाज की क्या अहमियत है। कितने पद सरकारी कृपा के मिले हैं और इस समाज का भाजपा के लिए राजनीतिक योगदान क्या है। अंदरखाने अब त्यागी समाज के चेहरों के प्रमोशन की बात चल रही है। क्या आने वाले समय में भाजपा किसी त्यागी चेहरे को मजबूती देते हुए मंत्री वाला सम्मान देगी। इस चर्चा को इसलिए भी बल मिल रहा है कि हाल ही में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की ओर से जितने भी जिला और महानगर अध्यक्षों की घोषणा हुई है उसमें कितने त्यागी समाज के चेहरों को स्थान मिला है।

### अश्वनी-टू-अजीत के बाद क्या रहेगी अगली रीत

करंट क्राइम। त्यागी समाज के राजनीतिक चेहरों की बात करें तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनके पास जनराजनीति का बड़ा चेहरा अजीत पाल त्यागी हैं। अजीत पाल त्यागी के पिता स्वर्गीय राजपाल त्यागी उन गिनती के चेहरों में हैं जिन्होंने अपने दम पर विधानसभा का चुनाव निर्दलीय के रूप में भी जीता है। वो सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। एक बड़ी सियासी विरासत अजीत पाल त्यागी के पास है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। वो विधायक बनने से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं और लगातार दूसरी बार विधायक हैं। एक बड़ा मजबूत नेटवर्क उनके पास है। यहां पर अगर संगठन से सदन की बात करें तो अश्वनी त्यागी का चेहरा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष से अब वो एमएलसी है। मेरठ से आते हैं और प्रमुख चेहरा हैं। स्थानीय राजनीति में त्यागी चेहरों में बसंत त्यागी ने अपनी ताकत दिखाई है वो प्रदेश संगठन में मंत्री हैं। उनकी पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। खुद बसंत त्यागी भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं और अब प्रदेश में मंत्री हैं।

# देश विरोधी रैकेट का मास्टरमाइंड समीर उर्फ शूटर समेत 3 और गिरफ्तार, अब तक 21 दबोचे





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में देश विरोधी गतिविधियों से जुड़े अब तक के सबसे बड़े और खतरनाक जासूसी रैकेट का खुलासा करते हुए विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में मास्टरमाइंड समीर उर्फ शूटर समेत तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इनकी गिरफ्तारी दिल्ली, कौशांबी और शामली से की गई है। अब तक इस पूरे नेटवर्क में 21 आरोपियों को दबोचा जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी करक के इशारे पर काम कर रहे थे और देश की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं, तस्वीरें, वीडियो और स्थान की जानकारी सीमा पार भेज रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिकी में गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम (यूएपीए) की धारा 18 भी जोड़ दी है।

### सोशल मीडिया से लेकर गैंग तक का सफर

**करंट क्राइम :** मुख्य आरोपी समीर उर्फ शूटर ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान उसने हथियारों के साथ अपने फोटो और वीडियो सामाजिक माध्यमों पर डाले थे। इसके बाद उसकी पहचान नौशाद और सुहैल से हुई, जिन्होंने उसे इस जासूसी गिरोह से जोड़ दिया। धीरे-धीरे उसे सुरक्षाबलों के ठिकानों, रेलवे स्टेशनों और महत्वपूर्ण संस्थानों की रेकी कर उनकी तस्वीरें, वीडियो और भौगोलिक स्थान की जानकारी विदेशी नंबरों पर भेजने का काम सौंपा गया। आरोपियों को इसके लिए विशेष मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया था। इतना ही नहीं, समीर ने कई अन्य युवकों को पैसों का लालच देकर इस नेटवर्क से जोड़ा और उनसे भी रेकी करवाई। एक अन्य आरोपी समीर (पुत्र शहजाद) ने खुलासा किया कि वह सामाजिक माध्यम के जरिए इस गिरोह के संपर्क में आया और बाद में मध्य प्रदेश में अवैध हथियार तस्करी में भी शामिल रहा। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के आर्थिक लेनदेन की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपियों को सीमा पार से ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा था। इस पूरे मामले की शुरुआत 14 मार्च को कौशांबी क्षेत्र में मिली एक गोपनीय सूचना से हुई थी, जिसके बाद एसआईटी ने लगातार कार्रवाई करते हुए इस बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। यह मामला देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया है कि जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि पूरा नेटवर्क मोबाइल संदेश समूहों के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। आरोपियों को देश के करीब 50 संवेदनशील स्थानों पर निगरानी कैमरे लगाने का कार्य सौंपा गया था। गिरफ्तार आरोपी शिवराज ने सोनीपत रेलवे ट्रैक पर ऐसा ही एक कैमरा लगवाया था, जिसकी निगरानी पाकिस्तान से की जा रही थी।

## संपादकीय

# वन्यजीव सुरक्षा पर सवाल

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए देश भर में चिड़ियाघर और अभ्यारण्य बनाए गए हैं। मगर संरक्षित स्थलों पर भी सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त का अभाव कुछ वन्यजीवों की जान पर भारी पड़ रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरत की बात है कि हिरणों को शिकार से बचाने के लिए जिस सुरक्षित स्थल पर रखा गया है, वहां आवारा कुत्तों ने ही सेंध लगाकर हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि कुत्तों का झुंड बाड़े को तोड़कर अंदर घुस गया। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी होगी। दूसरे, इस घटना ने संबंधित पशु बचाव केंद्र में तैनात कर्मियों की लापरवाही को भी उजागर किया है। सवाल है कि आवारा कुत्ते बाड़े को तोड़कर एक के बाद एक हिरण पर हमला करते रहे, तो वहां निगरानी का जिम्मा संभाले वनकर्मियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाई।

यह बात छिपी नहीं है कि विभिन्न राज्यों में कई जगह चिड़ियाघर और वन्यजीव संरक्षण केंद्र तो स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की गई है और न ही पुख्ता सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बाड़ों के बाहर निगरानी के लिए सीसीटीवी और अन्य तकनीकी प्रबंधों का भी अभाव देखा जाता है। जंगली जानवरों के बाड़े से बाहर निकलकर खुले जंगल में गायब हो जाने की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि बाड़ों की सुरक्षा की नियमित निगरानी नहीं हो पाती है।

छत्तीसगढ़ की घटना भी इसी व्यवस्थागत खामी और लापरवाही की वजह से हुई है। वन विभाग ने संबंधित डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई काफी है? अक्सर यह देखा जाता है कि इस तरह की लापरवाही में निचले कर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में जब तक उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। केंद्र तो स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की गई है और न ही पुख्ता सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बाड़ों के बाहर निगरानी के लिए सीसीटीवी और अन्य तकनीकी प्रबंधों का भी अभाव देखा जाता है। जंगली जानवरों के बाड़े से बाहर निकलकर खुले जंगल में गायब हो जाने की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि बाड़ों की सुरक्षा की नियमित निगरानी नहीं हो पाती है। छत्तीसगढ़ की घटना भी इसी व्यवस्थागत खामी और लापरवाही की वजह से हुई है। वन विभाग ने संबंधित डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई काफी है? अक्सर यह देखा जाता है कि इस तरह की लापरवाही में निचले कर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच किसानों को पीएम मोदी का भरोसा, खाद-उर्वरक की नहीं होगी कमी

### राज्यसभा में बोले—बुवाई के मौसम में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित, सरकार हर हाल में किसानों के साथ



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट को लेकर भारत के रुख पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद में बयान दिया। राज्यसभा में पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य के दौरान किसानों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी ने आज किसानों को संसद से आश्वास्त किया। किसानों को संसद से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, बुवाई में उर्वरक-खाद की कमी नहीं होगी। सरकार हर परिस्थिति में साथ खड़ी है। उन्होंने राज्यसभा में अपने वक्तव्य के दौरान कहा, 'मैं किसानों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। बुवाई के मौसम में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिल सकें, सरकार ये सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।'

### देश के पास है पर्याप्त खाद्यान्न

उन्होंने कहा कि एक सवाल यह है कि युद्ध का खेती पर क्या प्रभाव होगा। देश के किसानों ने हमारे भंडार भर रखे हैं। हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न हैं। सरकार ने खाद की पर्याप्त व्यवस्था भी की है। खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए सरकार का ध्यान इस पर भी है। कोरोनाकाल में भी दुनियाभर में सप्लाई चेन में दिक्कत आई थी। दुनिया में यूरिया की बोरी 3000 रुपये तक पहुंच गई थी लेकिन हमारे किसानों को वह बोरी 300 रुपये में ही मिली। बीते वर्षों में भारत में छह यूरिया प्लांट शुरू किए गए हैं।

इस दौरान डीएनपी और घरेलू यूरिया का उत्पादन बढ़ाया गया। इसी तरह डीएनपी और एनपीके के आयात को भी विस्तार दिया है।

### किसानों को दिया गया नैनो यूरिया का विकल्प

पीएम ने कहा कि सरकार ने किसानों को नैनो यूरिया का विकल्प भी दिया है। साथ ही हम जैविक खेती के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। मैं सदन के माध्यम से किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार अलग-अलग सप्लायर्स से भी संपर्क में है। प्रयास है कि जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। हमारा प्रयास है कि तेल हो गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे सभी जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम सभी वैश्विक सहयोगियों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं, ताकि हमारे मैरिटाइम कॉरीडोर सुरक्षित रहें। इन वाताओं के चलते होर्मुज में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं।

# 29 मार्च की जनसभा तय करेगी गुर्जर समाज की दिशा और दशा ?

कर्मवीर नागर प्रमुख



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुर्जर बाहुल्य कहे जाने वाले जिला गौतम बुद्ध नगर के दादरी में 29 मार्च 2026 को पीडीए के बैनर तले होने वाली जनसभा पर सभी राजनीतिक दलों की नजरें टिकी हुई हैं। क्योंकि विभिन्न राजनीतिक दलों में बिखरा और नेतृत्वहीन गुर्जर समाज अपनी खोई हुई राजनीतिक विरासत और अस्तित्व को काफी दिन से तलाशने की कसमकस में तो है लेकिन अब देखना होगा कि क्या पीडीए के बैनर तले आयोजित इस जनसभा में अपनी ताकत दिखाकर गुर्जर समाज अपने राजनीतिक अस्तित्व को पुन: लौटाने में कामयाब हो पायेगा या नही ? राजनीतिक नासमझी की वजह से विभिन्न दलों में बिखरा गुर्जर समाज लंबे समय से राजनीति में वाजिब हिस्सेदारी के लिए बेचैन नजर आ रहा है। इसी हताशा और निराशा की वजह से आमतौर पर देखा जा रहा है कि गुर्जर समाज लंबे समय से सत्तासीन दलों के साथ कदम ताल करता रहा है। शायद सत्ता के साथ कदमताल करने की गुर्जर समाज की कमजोरी को भांपकर ही राजनीतिक दलों ने भी इस समाज को उतनी राजनीतिक भागीदारी देना मुनासिब नही समझा जितनी भागीदारी का यह समाज हकदार है।

अगर दादरी में 29 मार्च 2026 को होने वाली जनसभा के मौके पर भीड़ जुटा कर गुर्जर समाज अपनी ताकत दिखाने में कामयाब रहा और गुर्जर समाज ने राजनीतिक सूझबूझ से निर्णय लिया तो इस सभा की कामयाबी गुर्जर राजनीति के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। ऐसा नही है कि इस जनसभा की कामयाबी का राजनीतिक लाभ केवल समाजवादी पार्टी के गुर्जर नेताओं को ही मिलेगा बल्कि इसका लाभ हर राजनीतिक दल से जुड़े गुर्जर समाज के नेताओं को मिलना स्वाभाविक है।

अब देखना यह होगा कि जिस तरह अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े होने के बावजूद कई अन्य जाति समाज के लोग अपने नेताओं के सपोर्ट में खड़े होकर उन्हें राजनीतिक ताकत देकर राजनीतिक भागीदारी का लाभ लेते रहे हैं क्या स्वाभिमान की राजनीति करने वाला गुर्जर समाज भी इसी सूझबूझ के साथ दादरी की जनसभा में शिरकत करके राजनीतिक लाभ ले सकेगा या फिर उसी पुरानी सोच और ढर्रे पर अलग-अलग दलों में रहते हुए लकीर का फकीर बनकर इस जनसभा से दूरी बनाने का काम करेगा ? क्योंकि आज के राजनीतिक परिवेश में गुर्जर समाज की यह सोच निश्चित तौर पर नुकसानदेह साबित हो रही है। लेकिन इसमें कोई दो राय नही कि अगर गुर्जर समाज ने राजनीतिक जागरूकता और परिपक्वता दिखाई तो दादरी में होने वाली 29 मार्च की जनसभा निश्चित तौर पर गुर्जर राजनीति का भविष्य और दशा दिशा तय कर सकती है और यह जनसभा गुर्जर राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती है। जिसका असर 2027 के आगामी चुनाव में उस वक्त स्पष्ट नजर आएगा जब विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए गुर्जर समाज की ताकत को अनदेखा करना मुश्किल हो जाएगा और सभी दल इस समाज को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए अच्छी खासी भागीदारी देकर अधिकाधिक उम्मीदवार मैदान में उतारना चाहेंगे।

अब देखना यही होगा कि टांग खिंचाई की राजनीति से ऊपर उठकर राजनीतिक परिपक्वता और नई सोच के साथ इस सभा के जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का गुर्जर समाज राजनीति की नई इबारत लिखने में कामयाब हो सकेगा या नही।

इस जनसभा में भले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 132 विधानसभा क्षेत्रों से भीड़ जुटाने के प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन सभा की कामयाबी स्थानीय लोगों की अधिकाधिक उपस्थिति पर ही ज्यादा निर्भर करेगी। अब देखना यह होगा कि क्या इस सभा के आयोजक गौतम बुद्ध नगर में पंचायत पुनर्गठन, दादरी स्थित गुर्जर डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड कराने, किसानों की समस्याओं के निराकरण और उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की घोषणा कराने का ठोस आश्वासन देकर स्थानीय लोगों को अधिकाधिक संख्या में सभा स्थल तक पहुंचने के लिए लुभा पाएंगे या नही। अगर 2027 के विधानसभा चुनाव से पूर्व दादरी में आयोजित होने जा रही यह जनसभा कामयाब रही तो यह गुर्जर समाज के लिए विभिन्न दलों में अधिकाधिक राजनीतिक भागीदारी दिलाने के लिए कपाट खोलने का काम कर सकेगी।

## डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, 35 पैसे टूटकर 93.88 तक गिरा





**नई दिल्ली।** भारतीय रुपये में मंगलवार कमजोरी देखने को मिली और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर 93.88 (प्रावधिक) पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी, जिसका असर रुपये पर पड़ा। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.66 के स्तर पर खुला, लेकिन पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। कारोबार के अंत में यह 93.88 (प्रावधिक) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट दशार्ता है। फॉरेक्स कारोबारियों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते अनिश्चितता बढ़ी है, जिसके कारण विदेशी निवेशकों की निकासी तेज हुई है। विदेशी फंड के बाहर जाने और महंगे कच्चे तेल ने मिलकर रुपये पर दबाव बनाया है।

## ऑटोमोबाइल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर, वैष्णव बोले वैगन की डिजाइन बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ऑटोमोबाइल ढुलाई बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए, जैसे यात्री कोचों को ढटऋ वैगनों में बदलना। फिर भी रेलवे की हिस्सेदारी करीब 25% ही है, क्योंकि मौजूदा ऑटोमोबाइल कैरियर वैगनों का डिजाइन उद्योग की जरूरतों के मुताबिक नहीं है। रेलवे सुधारों पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑटोमोबाइल परिवहन को लेकर अहम जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद रेलवे की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। वैष्णव ने बताया कि ऑटोमोबाइल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए यात्री कोचों को एनएमजी (न्यू मॉडिफाइड गुड्स) वैगनों में बदला गया और कई नई पहलें भी शुरू की गई। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद जब उद्योग से फीडबैक लिया गया तो सामने आया कि रेलवे की हिस्सेदारी अब भी करीब 25 प्रतिशत के आसपास ही है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत ने एक बड़ी समस्या की ओर ध्यान दिलाया है, जो ऑटोमोबाइल कैरियर वैगनों के डिजाइन से जुड़ी है। मंत्री के मुताबिक, मौजूदा डिजाइन उद्योग की जरूरतों के अनुरूप पूरी तरह उपयुक्त नहीं है, जिससे रेलवे के जरिए वाहन परिवहन में बाधाएं आ रही हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- संयुक्त राज्य अमेरिका में ‟मारिजुआना/गाँजा वेंडिंग मशीनस्न हैं जो निर्धारित उपयोगकताओं को मारिजुआना के औषधीय खुराक को प्राप्त करने के लिए अपने फिंगरप्रिंट स्कैन करने की अनुमति देती हैं।
- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।

## सिर्फ खाक बचेगी...

प्रस्तुति करंट क्राइम

**संजीव शर्मा**

पूर्व पार्षद ,गांधी नगर (गाजियाबाद)



जैसे-जैसे जंग ये लड़ाई बढ़ेगी,
दुनिया में तुम जान लो तबाही बढ़ेगी।

मालिकों से कुछ ना जवाब बनेगा,
जाने कैसे जीने का हिसाब बनेगा।
आने वाला हर दिन ही खराब बनेगा,
बाजारों में बेतुकी महंगाई बढ़ेगी।

होंगे मिट्टी लोग सिर्फ खाक बचेगी,
झुलसी बस्तियों में सर्द राख बचेगी।
ऊपर वाले अब ना तेरी साख बचेगी,
किस तेजी से देखना बुराई बढ़ेगी।

जितना आगे दुश्मनी का दौर चलेगा,
उतना बढ़ता साजिशों का जोर चलेगा।
आफत का ही बंदिशों का दौर चलेगा,
अच्छी-सच्ची बात ना भलाई बढ़ेगी।



# शेयर बाजार में जोरदार वापसी

## सेंसेक्स 1372 अंक उछला, निफ्टी 23400 पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को घरेलू बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1372.06 अंक या 1.89 प्रतिशत बढ़कर 74,068.45 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 445.15 अंक या 1.98 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 35 पैसे गिरकर 93.88 (अस्थायी) पर आ गया, क्योंकि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों को भयभीत कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निधि की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 93.66 पर खुली और पूरे सत्र में अस्थिर बनी रही। अंतत: यह 93.88 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 35 पैसे कम है। सोमवार को रुपया पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर को पार कर गया।

## एचडीएफसी बैंक में इस्तीफे के बाद मची हलचल

**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी में शीर्ष स्तर पर हुए घटनाक्रम ने कॉरपोरेट गवर्नेंस को लेकर नई बहस छेड़ दी है। बैंक ने पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे में उठाए गए मुद्दों की जांच के लिए बाहरी लॉ फर्म्स की नियुक्ति की है। बैंक के प्रवक्ता के अनुसार, यह कदम पूरी तरह से प्रोएक्टिव है, जिसका उद्देश्य इस्तीफे में बताए गए पहलुओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष और तथ्यों पर आधारित समीक्षा करना है। प्रवक्ता ने कहा कि बैंक दशकों से अपनाए गए। उच्चतम गवर्नेंस मानकों के अनुरूप खुद को लगातार परखता रहा है और यह पहल उसी दिशा में उठाया गया कदम है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : बताओ, दुनिया का सबसे पुराना जानवर कौन सा है?
स्टूडेंट : जेब्रा
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : क्योंकि वो अभी तक ब्लैक एंड व्हाइट में है!

---

पत्नी : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : इतना कि तुम्हारे बिना जी नहीं सकता
पत्नी : सच?
पति : हाँ लेकिन कोशिश जरूर करूंगा!

---

दोस्त : भाई, तेरी शादी कैसी चल रही है?
दूसरा : बढ़िया
दोस्त : कैसे?
दूसरा : मैं बोलता हूँ, वो सुनती नहीं वो बोलती है, मैं सुनता नहीं!

---

पप्पू : मम्मी, आज स्कूल में एक लड़का मुझे गधा कह रहा था
मम्मी : तूने क्या किया?
पप्पू : मैंने कहा, ठीक है भाई, परिवार में ही रहना!

---

डॉक्टर : तुम्हें नींद क्यों नहीं आती?
मरीज : क्योंकि मैं सोने की कोशिश करता हूँ
डॉक्टर : तो मत करो
मरीज : फिर तो मैं जागता रहूंगा!

---

पत्नी : मैं तुमसे बात नहीं करूँगी
पति : ठीक है
पत्नी : क्यों? मनाने की कोशिश नहीं करोगे?
पति : अरे मौका मिला है, क्यों खराब करूँ!

## 25 03 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



पूजा साल्वी (अभिनेत्री)



अरूण कुमार जैन | रजनी सिंह | आशा सचदेवा | शिशुपाल सिंह | राहुल वर्मा



भानू गुप्ता | इम्तियाज | बिल्लू चौधरी | राज यादव | हुकम सिंह | शोभित शुक्ला | अरविंद शर्मा



रिहान कुरैशी | सुधीर रयाल | विश्वत सेन | निहित गुप्ता | प्रवीण शर्मा | अनुज मित्तल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।

Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक **करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पंजाब पहली बार करेगा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी की मेजबानी



**नई दिल्ली।** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मुकाबला 26 या 27 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान, साउथ कोरिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। हालांकि, इस प्रतियोगिता से जुड़ी आधिकारिक जानाकरियां अभी सामने नहीं आई हैं।

हॉकी इंडिया पहली बार पंजाब में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आप सरकार के 4 साल पूरे होने पर राज्य की खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए ये घोषणा की। इस दौरान सीएम मान ने कहा कि ये पहली बार होगा जब पंजाब किसी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। मैच मोहाली और जालंधर में खेले जाएंगे।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मुकाबला 26 या 27 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान, साउथ कोरिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। हालांकि, इस प्रतियोगिता से जुड़ी आधिकारिक जानकारियां अभी सामने नहीं आई हैं। राज्य जल्द ही अपने बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाएगा और हॉकी की लोकप्रियता को देखते हुए पंजाब हर साल एक चार-देशीय हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी भी करेगा। सीएम मान ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि, एसोसिएशन ने राज्य को हर साल एक चार-देशीय हॉकी टूर्नामेंट देने का वादा किया है।

# लखनऊ के लिए मध्यक्रम चुनौती, राठी पर भी बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के पास इस सीजन मजबूत गेंदबाजी और संतुलित टॉप ऑर्डर है, लेकिन फिनिशर की कमी और चोटें चिंता बढ़ा सकती हैं। युवा खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका है, जबकि टीम की सफलता काफी हद तक उनके प्रदर्शन और फिटनेस पर निर्भर करेगी।





आईपीएल 2026 को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। इसी कड़ी में हम आपको सभी टीमों का एनालिसिस करके बता रहे हैं। आज उस टीम के बारे में बात करेंगे, जो पहले खिताब की तलाश में है। हम बात कर रहे हैं लखनऊ सुपर जाएंट्स की। 2022 में अपने पहले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद यह टीम कुछ खास नहीं कर सकी है। पिछले सीजन कप्तान से लेकर पूरी टीम बदली गई, लेकिन नतीजा कुछ खास नहीं रहा। हालांकि, इस बार इस टीम से काफी उम्मीदें हैं। टीम का टॉप ऑर्डर और तेज गेंदबाजी काफी मजबूत नजर आ रही है, लेकिन मध्यक्रम लखनऊ के लिए बड़ी समस्या बन सकता है।

**ताकत:** इस सीजन लखनऊ की सबसे बड़ी ताकत उनकी टीम की गहराई और अनुभव है, खासकर लीडरशिप और गेंदबाजी में। ऋषभ पंत के पूरे सीजन कप्तानी करने से टीम 2025 के मुकाबले ज्यादा संतुलित नजर आ रही है। तेज गेंदबाजी आक्रमण, जिसमें मोहम्मद शमी, एनरिक नॉर्त्जे, मयंक यादव और मोहसिन खान शामिल हैं, टीम को कई मजबूत विकल्प देता है। इसके अलावा विकल्प के तौर पर आकाश सिंह और नमन तिवारी और प्रिंस यादव जैसे विकल्प हैं।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स का शेड्यूल (पहले फेज में)

| तारीख | खिलाफ | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 01/04/2026 | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ | शाम 7:30 बजे |
| 05/04/2026 | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद | दोपहर 3:30 बजे |
| 09/04/2026 | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता | शाम 7:30 बजे |
| 12/04/2026 | गुजरात टाइटंस | लखनऊ | दोपहर 3:30 बजे |

बल्लेबाजी में टॉप ऑर्डर भी काफी मजबूत है, जहां मिचेल मार्श, मार्करम, निकोलस पूरन और ऋषभ पंत की चौकड़ी स्थिरता प्रदान करती है। वानिंदु हसरंगा और शाहबाज अहमद निचले क्रम में गहराई जोड़ते हैं, जबकि दिग्वेश राठी अपनी विकेट लेने की क्षमता के चलते एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। राठी ने पिछले सीजन अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया था। शाहबाज अहमद घरेलू टूर्नामेंट में पूरे सीजन में बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म में रहे हैं।

**कमजोरी:** डेविड मिलर को रिलीज करने के बाद टीम के पास अनुभवी फिनिशर की कमी नजर आती है। जोश इंग्लिस प्रतिभाशाली जरूर हैं, लेकिन वह स्वाभाविक फिनिशर नहीं माने जाते और वह सीजन के कुछ हिस्से में उपलब्ध भी नहीं रहेंगे। चार विदेशी खिलाने के चक्कर में उनकी जगह कैसे बनेगी, यह भी पता नहीं है, क्योंकि मार्श, मार्करम और पूरन का खेलना तय है। हसरंगा स्पिन और ऑलराउंड ऑप्शन देते हैं। मिडिल ऑर्डर अभी भी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है, जहां आयुष बदोनी और अब्दुल समद जैसे खिलाड़ियों पर अहम ओवरों में जिम्मेदारी हो सकती है।

इसके अलावा चोट की समस्या भी टीम के लिए चिंता का विषय है। मार्श, शमी, नॉर्त्जे और मयंक यादव जैसे खिलाड़ियों की फिटनेस टीम के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। लखनऊ के लिए चिंता का विषय वानिंदु हसरंगा की फिटनेस भी होगी। हसरंगा अगर पूरी तरह से फिट हो जाते हैं, तो टीम को इससे संतुलन मिलेगा। हसरंगा को एनओसी तो मिल गई है, लेकिन वह फिटनेस क्लीयरेंस मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक लखनऊ को राठी के साथ ही स्पिन में जाना होगा। शहबाज और बदोनी अन्य स्पिन विकल्प होंगे।

**अवसर:** आईपीएल 2026 लखनऊ के लिए पिछली असफलताओं से उभरने का बड़ा मौका है। युवा खिलाड़ी जैसे आयुष बदोनी, अक्षत रघुवंशी, मुकुल चौधरी और नमन तिवारी इस सीजन में खुद को साबित कर सकते हैं। इसके अलावा केन विलियम्सन और टॉम मूडी जैसे अनुभवी सलाहकार ऋषभ पंत की कप्तानी को और बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। तेज पिचों पर टीम का पेस अटैक विरोधियों पर भारी पड़ सकता है, वहीं टीम की एकजुटता उन्हें खिताब की दौड़ में आगे ले जा सकती है।

**खतरा:** पिछले सीजन यह दिखा चुके हैं कि मजबूत टीम होने के बावजूद जीत की गारंटी नहीं होती। अगर टीम की शुरूआत खराब रहती है, तो खिलाड़ियों का आत्मविश्वास प्रभावित हो सकता है। विदेशी खिलाड़ियों पर अधिक निर्भरता भी जोखिम पैदा करती है, खासकर अगर वे उपलब्ध न हों या फॉर्म में न हों।

# आरसीबी को बड़ा झटका! टीम से नहीं जुड़ेंगे तेज गेंदबाज यश दयाल

**बंगलूरू।** आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल आईपीएल 2026 में हिस्सा नहीं लेंगे। टीम ने इसे उनका निजी फैसला बताया है, लेकिन उनके खिलाफ चल रहे गंभीर कानूनी मामलों ने स्थिति को जटिल बना दिया है। दयाल ने आरोपों से इनकार किया है, जबकि जांच जारी है।

आईपीएल 2026 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज यश दयाल इस सीजन में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। इस बात की पुष्टि आरसीबी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बोबट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। टीम जोश हेजलवुड के अनफिट होने की वजह से पहले ही जूझ रही थी, लेकिन अब यश के बाहर होने से बड़ा झटका लगा है। हेजलवुड शुरूआती कुछ मैच मिस कर सकते हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मो बोबट ने कहा, 'यश दयाल इस सीजन आरसीबी का हिस्सा नहीं होंगे। वह व्यक्तिगत परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। वह अभी भी टीम के साथ अनुबंध में हैं और यह फैसला उनके हित में लिया गया है।' हालांकि, टीम मैनेजमेंट ने उनके बाहर होने के पीछे के सभी कारणों का विस्तार से खुलासा नहीं किया है।





मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यश दयाल इस समय गंभीर कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। उन पर यौन शोषण और उत्पीड़न के आरोप लगे हैं, जिसने उनके क्रिकेट करियर पर भी असर डाला है। जयपुर में दर्ज एक मामले में आरोप पॉक्सो के तहत लगाए गए हैं, जो दर्शाता है कि शिकायतकर्ता घटना के समय नाबालिग थी। एफआईआर में आरोप है कि लंबे समय तक शोषण किया गया और क्रिकेट में अवसर दिलाने का लालच दिया गया। इसके अलावा गाजियाबाद में भी एक अलग मामला दर्ज है, जिसमें शादी का झांसा देकर शोषण करने के आरोप लगाए गए हैं।

**अग्रिम जमानत याचिका खारिज:** 24 दिसंबर 2025 को जयपुर की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने यश दयाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि इस स्तर पर जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिग से जुड़े मामलों में अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतना जरूरी है और उपलब्ध साक्ष्य आरोपों को गंभीर बनाते हैं। आईपीएल 2026 से ठीक पहले यश दयाल ने अपनी लंबे समय की पार्टनर श्वेता पुंडीर से शादी की। चार फरवरी को नोएडा में आयोजित यह शादी सादगीपूर्ण समारोह में संपन्न हुई, जिसमें केवल करीबी लोग शामिल हुए। एक ओर टीम को उनके अनुभव की कमी खलेगी, वहीं दूसरी ओर खिलाड़ी की निजी और कानूनी परेशानियां उनके करियर पर असर डाल सकती हैं।

# सिनर ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड, ऐसा करने वाली तीसरी अमेरिकी खिलाड़ी बनीं जेसिका पेगुला

**मियामी।** अब सिनर का अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है। वहीं, तीसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने ऑस्ट्रेलियन क्वालिफायर टालिया गिब्सन के साथ अपने मुकाबले में शानदार कंट्रोल दिखाया।

इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है।



नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।

अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है। सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद ह्यसनशाइन डबलह्य हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और कजाकिस्तान की प्लेयर एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्लोरिडा में स्थित हार्ड रॉक स्टेडियम में मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह बना ली है। पेगुला-एलेना ने सीधे सेटों में अपने मैच जीते।

# काव्या की टीम से जुड़ा 300+ टी20 विकेट ले चुका ये गेंदबाज

## तीन करोड़ के एडवर्ड्स का बना रिप्लेसमेंट

**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद को चोटों का झटका लगा है, जिसके चलते डेविड पेन को जैक एडवर्ड्स के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया। पेन के पास 300+ टी20 विकेट का अनुभव है, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

आईपीएल 2026 की शुरूआत से पहले सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा। टीम का एक प्रमुख ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया, जिसके चलते फ्रेंचाइजी को मजबूरन बदलाव करना पड़ा। इसी कड़ी में इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज डेविड पेन को टीम में शामिल किया गया है।

### चोटों से परेशान सनराइजर्स

सनराइजर्स टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस फिटनेस हासिल नहीं कर सके हैं शुरूआती मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ईशान किशन को अस्थायी कप्तान बनाया गया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एडवर्ड्स भी पैर की चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। एडवर्ड्स को आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन में तीन करोड़ रुपये में खरीदा गया था और उनसे टीम को काफी उम्मीदें थीं।

### डेविड पेन की एंट्री

बीसीसीआई ने आधिकारिक बयान में पुष्टि की, 'कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के लिए क्रमशः सौरभ दुबे और डेविड पेन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना है।' बयान में आगे कहा गया, 'पेन, जैक एडवर्ड्स की जगह लेंगे। उन्होंने इंग्लैंड के लिए एक वनडे खेलने के अलावा दुनिया भर की टी20 लीग को मिलाकर 233 टी20 मैच खेले हैं।' पेन को 1.5 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा गया है, जबकि वह मिनी ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। डोरसेट के रहने वाले पेन,





ग्लूस्टरशायर के एक अनुभवी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने बिग बैश लीग और आईएलटी20 में दुनिया भर में एडिलेड स्ट्राइकर्स, पर्थ स्कॉर्चर्स, डेजर्ट वाइपर्स और द हंड्रेड में वेल्श फायर जैसी टीमों के लिए खेला है।

### पेन का शानदार रिकॉर्ड

पेन का टी20 करियर काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 233 मैचों में 304 विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 21.16 है और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/24 रहा है। हाल ही में आईएलटी20 2025-26 में उन्होंने नौ मैचों में 17 विकेट लिए, जबकि बिग बैश लीग (BBL) 2025-26 में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलते हुए छह मैचों में 11 विकेट हासिल किए। इसके अलावा, उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी 300 से ज्यादा विकेट लिए हैं, जो उनके अनुभव को दशार्ता है।

### केकेआर में भी बदलाव

दूसरी ओर कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी चोटिल खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट का ऐलान किया है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज आकाश दीप पीठ की चोट (लंबर स्ट्रेस इंजरी) के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह सौरभ दुबे को टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें 30 लाख रुपये में साइन किया गया है।

### सीजन की शुरूआत पर नजर

आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। चोटों से जूझ रही एसआरएच के लिए यह सीजन चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन नए खिलाड़ियों के आने से टीम संतुलन बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए डेविड पेन का शामिल होना एक बड़ा कदम है, खासकर तब जब टीम चोटों से जूझ रही है। उनका अनुभव टीम के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दे सकता है।

# फीफा विश्व कप में खेलेंगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नई दिल्ली।** रोनाल्डो ने हैमस्ट्रिंग चोट के बाद अपनी फिटनेस को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं, जिससे उनके 2026 विश्व कप में खेलने की उम्मीद बढ़ी है। पुर्तगाल टीम ने उन्हें एहतियातन आराम दिया है, और संकेत हैं कि वे जून तक पूरी तरह फिट होकर वापसी कर सकते हैं।

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की फिटनेस पर सवाल की वजह से उनके आगामी विश्व कप खेलने पर भी संदेह था, लेकिन इस धुरंधर खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपनी फिटनेस को लेकर सकारात्मक संकेत दिया है। रोनाल्डो की इस पोस्ट के बाद उनके फीफा विश्व कप 2026 में खेलने को लेकर संभावना बढ़ गई है, जो उनके फैंस के लिए खुशखबरी है।

रोनाल्डो को फरवरी के अंत में अल नासर क्लब के लिए खेलते हुए हैमस्ट्रिंग की इंजरी के बाद मार्च में मैक्सिको और अमेरिका के खिलाफ मैत्रीपूर्ण मैचों से बाहर रखा गया है।

### विश्व कप तक फिट हो सकते हैं रोनाल्डो

संकेत यही बताते हैं कि रोनाल्डो जून में शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे। 41 साल की उम्र में रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप खेलने के प्रयास में हैं। उनके करियर में लगभग सभी प्रमुख खिताब हैं, लेकिन वह अब तक विश्व कप नहीं जीत सके हैं। रोनाल्डो का लक्ष्य पुर्तगाल के लिए विश्व कप जीतना है, और इसी लक्ष्य को पाने के लिए कहीं न कहीं वह अब तक सक्रिय हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी ने अब तक पुर्तगाल के लिए खेले 226 मैचों में 143 गोल किए हैं।

पुर्तगाल के हेड कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने बताया कि यह फैसला एहतियातन लिया गया ताकि लंबी चोट से बचा जा सके। पुर्तगाल 28 मार्च को एज्टेका स्टेडियम में मेक्सिको का सामना करेगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

**लिस्बन।** बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। हर्मनप्रीत कौर कप्तान होंगी, जबकि अनुष्का शर्मा को पहली बार टीम में मौका मिला है। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन नजर आता है।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया है। यह दौरा पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का होगा, जो 17 अप्रैल से शुरू होकर 27 अप्रैल तक खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जबकि स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। यह टीम अनुभव और युवा प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण है। खासतौर पर अनुष्का शर्मा को मिला पहला मौका इस दौरे को और दिलचस्प बनाता है। भारतीय टीम इस सीरीज में मजबूत प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

### अनुष्का शर्मा को पहली बार मौका

इस टीम में सबसे बड़ी चर्चा युवा खिलाड़ी अनुष्का शर्मा को लेकर है, जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। उन्होंने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाएंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। अनुष्का ने टूर्नामेंट में सात पारियों में 177 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 129.19 रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन था। उनके इसी प्रदर्शन का इनाम उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन के रूप में मिला है।

### मजबूत बल्लेबाजी क्रम

टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी संतुलित नजर आ रहा है। इसमें शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी भरोसेमंद खिलाड़ी शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋचा घोष और उमा छेत्री संभालेंगी, जिससे टीम को अतिरिक्त गहराई मिलती है।

### सीरीज का कार्यक्रम

पांच मैचों की यह टी-20 सीरीज दक्षिण अफ्रीका के अलग-अलग शहरों में खेली जाएगी।

**पहला और दूसरा मैच:** 17 और 19 अप्रैल, डरबन

**तीसरा और चौथा मैच:** 22 और 25 अप्रैल, जोहानिसबर्ग

**पांचवां मैच:** 27 अप्रैल, बेनोनी

**भारतीय महिला टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

### गेंदबाजी में अनुभव और युवा जोश

स्पिन विभाग में श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी, अनुभवी दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर मजबूत संयोजन बनाएंगी। तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के कंधों पर होगी।

# क्या 15 साल के रोनाल्डो जूनियर 27 वर्षीय मॉडल को कर रहे डेट

**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर को लेकर 27 वर्षीय मॉडल को डेट करने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इनमें कोई सच्चाई नजर नहीं आती। उनकी उम्र और पिछले बयानों को देखते हुए यह दावा महज अफवाह माना जा रहा है।





सोशल मीडिया के दौर में किसी भी तस्वीर या वीडियो से कहानियां बनना आम बात हो गई है। हाल ही में फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे रोनाल्डो जूनियर को लेकर ऐसी ही एक अफवाह तेजी से वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि वह 27 साल की एक ब्राजीलियाई मॉडल को डेट कर रहे हैं। हालांकि, इस खबर की सच्चाई को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स के मुताबिक, कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर सामने आईं, जिनमें क्रिस्टियानो जूनियर एक महिला के साथ नजर आए। इसके बाद यूजर्स ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि दोनों के बीच कोई रिलेशनशिप है। कुछ पोस्ट्स में यह भी दावा किया गया कि दोनों की मुलाकात दुबई में हुई और वहीं से यह कथित रिश्ता शुरू हुआ। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पहले भी सामने आ चुकी हैं ऐसी बातें

यह पहली बार नहीं है जब क्रिस्टियानो जूनियर की निजी जिंदगी को लेकर इस तरह की बातें सामने आई हों। इससे पहले भी उनका नाम कई लोगों के साथ जोड़ा जा चुका है, लेकिन हर बार ये दावे अफवाह ही साबित हुए। एक फैमिली शो में जॉर्जिना रॉड्रिगेज ने मजाक में उनके क्रश का जिक्र किया था। हालांकि, बाद में यह साफ हो गया कि वह सिर्फ एक दोस्त थी।

### परिवार और फुटबॉल पर फोकस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिलहाल क्रिस्टियानो जूनियर का पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई, ट्रेनिंग और फुटबॉल करियर पर है। सोशल मीडिया पर भी वह ज्यादातर समय अपने पिता क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ ट्रेनिंग या फैमिली मोमेंट्स शेयर करते नजर आते हैं। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक, 27 वर्षीय मॉडल को डेट करने की बात पूरी तरह अफवाह प्रतीत होती है। न तो परिवार की ओर से और न ही किसी आधिकारिक स्रोत से इस संबंध में कोई पुष्टि की गई है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऐसी खबरें अक्सर बिना तथ्यों के फैल जाती हैं, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है।

### उम्र को लेकर उठे सवाल

इन अफवाहों पर सबसे बड़ा सवाल उम्र को लेकर उठ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस महिला को 27 वर्षीय मॉडल बताया जा रहा है, वहीं क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर की उम्र अभी करीब 15 साल है। ऐसे में यहदावा न केवल संदिग्ध बल्कि अनुचित भी माना जा रहा है। कई यूजर्स ने भी सोशल मीडिया पर इन खबरों की आलोचना की और इसे बेबुनियाद बताया।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | बुधवार • 25 मार्च -2026
गाजियाबाद आसपास




# ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में दोहरे हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल

## सनसनीखेज कांड से पुलिस प्रशासन की उड़ी नींद

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कालोनी स्थित बुद्ध बाजार मोहल्ले में मंगलवार देर रात हुए दोहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को क्या पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया। एक ही घर के अंदर महिला और युवक के खून से लथपथ शव मिलने से जहां सनसनी फैल गई, वहीं घटना के पीछे रिश्तों में शक और अवैध संबंधों की कहानी सामने आने से मामला और भी गंभीर हो गया है।

रात करीब 12:40 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि बुद्ध बाजार इलाके में झगड़ा हुआ है और दो लोग घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, लेकिन अंदर का नजारा देखकर हर कोई सन्न रह गया। मकान के भीतर शबनम (36 वर्ष) और फहीम (32 वर्ष) के शव पड़े थे।

स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ में यह तथ्य उभरकर आया कि शबनम और फहीम के बीच कथित संबंध थे, जिसे लेकर राशिद अक्सर विरोध करता था। इसी शक और तनाव ने आखिरकार हिंसक रूप ले लिया और आरोप है कि राशिद ने दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया आरोपी राशिद की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए हैं। घटना के बाद पूरे बुद्ध बाजार इलाके में दहशत का माहौल है।

पुलिस परिजनों से तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पूरा मामला आरोपी राशिद की गिरफ्तारी पर टिका हुआ है। पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।



शबनम (36 वर्ष) और फहीम (32 वर्ष)

# शालीमार गार्डन में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम सम्पन्न

**साहिबाबाद।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था (रजि.) के तत्वाधान में बलिदान दिवस पर शहीद स्थल, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम भावपूर्ण और भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया।

इस अवसर पर बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, शहर विधायक संजीव शर्मा, साध्वी प्रज्ञा भारती और पूर्व मेयर आशु कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों का भी सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस दौरान विधायक संजीव शर्मा ने शहीदों के बलिदान को प्रेरणास्त्रोत बताया, जबकि सांसद राजकुमार सांगवान ने देशहित में लिए गए निर्णयों को ही सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

मंच संचालन सुमन सती ने किया। संस्था अध्यक्ष प्रमोद कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम सफल रहा। इस मौके पर वीरपाल मलिक समेत विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।







# पॉलिथीन गोदाम पर नगर निगम की छापेमारी, 27 क्विंटल जब्त, 2 लाख जुमार्ना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के तहत नगर निगम ने साहिबाबाद क्षेत्र में एक गोदाम पर छापा मारकर करीब 27 क्विंटल (27,473 किलो) पॉलिथीन जब्त की और 2 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोहन नगर जोन में कार्रवाई की। मौके पर पॉलिथीन को तौलकर जब्त किया गया और संचालक को भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई।

नगर निगम ने शहरवासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील करते हुए कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ई-रिक्शा की रफ्तार हुई धीमी, ई-ऑटो ने पकड़ी रफ्तार

**नोएडा।** शहर की सड़कों पर चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। आंकड़ों के अनुसार, अब पारंपरिक ई-रिक्शा की जगह ई-ऑटो शहरवासियों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। सेक्टर-32ए स्थित परिवहन विभाग के आकड़ों के अनुसार, अक्तूबर 2025 में जहां जिले में करीब 26,463 ई-रिक्शा संचालित थे और ई-ऑटो की संख्या केवल 10,071 थी।

वहीं मार्च 2026 तक तस्वीर बदली हुई दिखी। ई-रिक्शा मामूली रूप से बढ़कर 27,420 तक पहुंचे, जबकि ई-ऑटो की संख्या तेज रफ्तार से बढ़कर 13,000 हो गई। ई-ऑटो चालक रमेश ने बताया कि ई-ऑटो ई-रिक्शा के मुकाबले ज्यादा टिकाऊ, बेहतर माइलेज, मजबूत बैटरी बैकअप के साथ आ रहे हैं। यह सीएनजी और ई-ऑटो से ज्यादा बेहतर हैं। जो जीरो प्रतिशत वायु प्रदूषण और जीरो ध्वनि प्रदूषण युक्त होते हैं। ई-रिक्शा चालकों ने कहा कि इनका बैटरी बैकअप इतना खराब है कि कई बार सड़कों पर आने वाले गड्ढों की वजह से लगने वाले झटके के बाद वह बीच रोड ही बंद हो जाते हैं। बल्कि वह अधिक क्षमता के साथ सवारियों को भी नहीं बैठा सकते हैं।



# बीएम रेसीडेंसी के लोगों ने लगाए आरोप कहा जल्द चुनाव कराये जायें सोसाइटी में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित बीएम सोसाइटी के लोगों ने विभिन्न आरोप लगाते हुए बैठक की और उन्होंने जल्द चुनाव कराये जाने की मांग की। बैठक में अखिल गोयल, राहित दीक्षित, शोभित मित्तल, अशोक चौहान, शरद गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे। इन लोगों का कहना है कि सोसाइटी में चुनाव नहीं हो रहे हैं। 29 मार्च को चुनाव की प्रस्तावित तिथि है अगर 29 मार्च को चुनाव नहीं होते हैं तो धरना प्रदर्शन करेंगे। सोसाइटी के लगभग 112 लोगों ने भाग लिया है। उनका कहना है कि 18 महीने हो गये हैं और चुनाव नहीं हुए हैं। रेजीडेंट ने सोसाइटी की निवर्तमान अध्यक्ष पर भी आरोप लगाये हैं। रेजीडेंट ने चुनाव अधिकारी पर भी आरोप लगाये और कहा कि लिफ्ट की एएमसी नहीं हुई है। मेंटिनेंस जीरो है और पूरी बिल्डिंग जर्जर हालत में है। लोगों का आरोप है कि कमेटी कालातीत हो चुकी है और सोसाइटी का बिजली का बिल ही 10 लाख रूपये बकाया है। पार्क में झूले टूटे हुए हैं। मेंटिनेंस और सिक्योरिटी को वेतन नहीं मिला है। रेजीडेंट चुनावी प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं और वो आर्थिक गड़बड़ी के आरोप भी लगा रहे हैं।






# नगर निगम ने तेज की किराया वसूली, 5 साल पुराना विवाद सुलझा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम ने दुकानों के किराए की वसूली को तेज करते हुए विशेष अभियान शुरू किया है। करीब 5 साल से लंबित विवादित दुकानों के किराए के मामलों का निपटारा होने के बाद अब व्यापारी निर्धारित किराया जमा कर रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर 1702 दुकानों से बकाया और वर्तमान किराया वसूला जा रहा है। इसके लिए पुरानी तहसील घंटाघर पर कैंप लगाया गया है, साथ ही नगर निगम मुख्यालय पर भी किराया जमा किया जा रहा है। निगम ने इस अभियान के तहत 6 से 8 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा है, जिसमें अब तक करीब 10 लाख रुपये वसूले जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार व्यापारी वर्ग भी सहयोग कर रहा है, जिससे वसूली अभियान को गति मिल रही है।

# अवैध निर्माण पर बिजली कनेक्शन देने वालों पर होगी कार्रवाई, जांच शुरू

➪ जुलाई 2025 से अधिसूचित और डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कनेक्शन देने पर प्राधिकरण ने लगाई थी रोक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एनपीसीएल और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा अधिसूचित और डूब क्षेत्र होने वाले अवैध निर्माण पर कनेक्शन देने पर जांच शुरू की है। जिम्मेदारी सभी वर्क सर्किल के प्रभारियों को सौंपी गई है, जिसमें जुलाई 2025 के बाद दिए गए कनेक्शनों की सूची तैयारी की जाएगी। उसके बाद प्राधिकरण बिजली वितरण कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई करेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित और डूब क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण चल रहा है। प्राधिकरण ने निर्माण रोकने के मकसद से बीते साल जुलाई में अवैध निर्माण पर बिजली कनेक्शन देने पर रोक लगा दी थी। इस संबंध में एनपीसीएल और यूपीपीसीएल को पत्र भी लिखा था, बावजूद कनेक्शन जारी करने की शिकायतें प्राधिकरण को मिल रहीं हैं। बीते सप्ताह प्राधिकरण के सीईओ ने एनपीसीएल से इसे लेकर नाराजगी भी जताई थी।

अफसरों ने बताया कि बीते एक साल में किस-किस अवैध कॉलोनी या मकान में कनेक्शन दिया गया, टीम इसकी जांच करेगी। जहां कनेक्शन मिलता है, वहां की रिपोर्ट तीन दिन के अंदर देनी होगी। अफसरों का कहना है कि अगर कनेक्शन जारी किया गया है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।



# स्टेट जीएसटी ने मारी बाजी, फाइनल में आयकर विभाग से होगी भिड़ंत

**हापुड़।** हापुड़ टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित हापुड़ टैक्स टी-20 क्रिकेट लीग के अंतिम रोमांचक मुकाबले में रविवार को स्टेट जीएसटी टीम ने सेंट्रल जीएसटी टीम को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मैत्री क्रिकेट मैच में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन ने एसजीएसटी इलेवन को सात विकेट से हराया, महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

अब इनका मुकाबला आयकर विभाग की टीम से होगा। मैच का शुभारंभ डिप्टी कमिश्नर लाल चंद्र व अधिवक्ता मोहम्मद शाहिद ने किया। स्टेट जीएसटी के कप्तान विवेक उपाध्याय ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सेंट्रल जीएसटी की टीम निर्धारित 20 ओवर में सिर्फ 130 रन ही बना सकी। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेट जीएसटी की टीम ने अच्छी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज भानु प्रताप ने 33 और डॉ. हरित कुमार ने 34 रनों की पारी खेली। दोनों की बल्लेबाजी के कारण टीम ने 18.3 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# व्यापारी से 50 हजार की रंगदारी न देने पर फायरिंग लोनी के कुणाल फार्म हाउस में बदमाशों का तांडव

**लोनी, करंट क्राइम।** कुनाल गुप्ता पुत्र सुधीर कुमार गुप्ता की लोनी में टाइल पत्थर की दुकान है तथा बंथला फ्लाईओवर के पास कुनाल फॉर्म के नाम से फार्म हाउस है। 23 मार्च 2026 शाम 8:30 बजे कुनाल गुप्ता अपने फार्म हाउस के कार्यालय में बैठे थे जबकि उनका कर्मचारी विक्की फार्म हाउस में था।



इसी दौरान पाल नाम का हिस्ट्रीशीटर बदमाश अपने एक साथी के साथ फार्म हाउस पर पहुंचा तथा विक्की के साथ मारपीट करने के बाद उसको जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायर किया लेकिन गोली मिस हो गई जिससे विक्की की जान बच गई और वह मौके से भाग गया। इसके बाद बदमाश व उसका साथी अंदर कार्यालय मैं पहुंचे और कुनाल गुप्ता के साथ गाली गलौज करते हुए उसके ऊपर भी तमंचे से फायर करने का प्रयास किया लेकिन गोली मिस हो गई इसके बाद कुनाल गुप्ता को वहां बैठे उनके साथी पत्रकार तथा कार चालक ने उन्हें कार्यालय से बाहर भगाकर जान बचाई। बदमाश और उसका साथी यह कहते हुए भाग गए इस बार तो गोली मिस होने के कारण तुम बच गए हो लेकिन अगली बार तुम्हें जान से मार कर ही जाऊंगा। बताया जा रहा है की दोनों बदमाश हिस्ट्रीशीटर हैं तथा उनके खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

व्यापारी का कहना है की बदमाश उससे 50000 माहवारी की रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इसको पूरा न करने पर उस पर बार-बार जान लेवा हमला किया जा रहा है। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी जान माल की सुरक्षा तथा बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाश व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# किस सर्किल के लिए मचेगी अप्रैल में भाग-दौड़

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों अभी से एसीपी लिस्ट के आने की चर्चा और समीकरण की जानकारी बाहर निकल कर आनी शुरू हो गई। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अप्रैल वाले महीने में दो सर्किल के लिए एसीपी स्तर के अधिकारियों के बीच भाग-दौड़ देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि एक सर्किल नदिया पार का तो दूसरा सिटी वाला रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इन दिनों नदिया पार वाले एक सर्किल की टीआरपी बेहद हाई चल रही है। तो बताया जा रहा है कि सिटी वाला एक सर्किल भी इन दिनों कई मामलों में टॉप पर चल रहा है। अब बताया जा रहा है कि सिटी के इस सर्किल में पुलिस कमिश्नरेट वाला कोई भी अभियान हो, उनका प्रदर्शन सबसे पहले और शुरूआत उसी सर्किल में होती है। तो वहीं मीडिया कवरेज भी भरपूर मिल रही है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि मार्च के अंतिम दिनों में आने वाली एसीपी और एडीसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट का टिवस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के दो सर्किल में अप्रैल के महीने में दिखाई और सुनाई देगा। अब सूत्र बता रहे हैं कि एक सर्किल सिटी और दूसरा नदिया पार का है। वहीं बताया जा रहा है कि यहां कई फेस ऐसे हैं जो रेस में बने हुए हैं। तो बताया जा रहा है कि एक साइड लाइन वाले साहब लाइन तलाश में लगे हुए हैं। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार एसीपी स्तर के अधिकारियों की पर्याप्त संख्या आने वाली है। तो वर्तमान में कुछ संख्या बल कम चल रहा था, तो उम्मीद की जा रही है कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक तबादला लिस्ट आने के बाद यह है स्थिति भी साफ हो जाएगी। इन सबके बीच सबसे बड़ा सस्पेंस इस बात का है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कौन एडीसीपी जाएगा और किसको यहां चार्ज चलाने का मौका मिलता रहेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों साहब की टीआरपी भी हाई है, तो वहीं क्राइम वालों ने कमल मचाया हुआ है। अब देखना होगा कौन ईन और आउट किया जाएगा।




# नोएडा में बीआईएस की बड़ी कार्रवाई : तीन फर्मों पर छापेमारी

## फर्जी आईएसआई मार्क वाले 20 लाख के उत्पाद जब्त

**नोएडा, करंट क्राइम।** भारतीय मानक ब्यूरो, नोएडा शाखा कार्यालय ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, बीआईएस की टीम ने 23 मार्च 2026 को नोएडा स्थित तीन प्रमुख फर्मों पर छापेमारी की, जहाँ भारी मात्रा में अवैध और मानक-विरुद्ध उत्पाद बरामद किए गए। छापेमारी अभियान के दौरान मै.सोहन लाल गुप्ता, BDN Fasteners India Private Limited और SLG Fasteners Private Limited के परिसरों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि ये फर्में स्क्रू और वॉशर जैसे उत्पादों पर फर्जी आईएसआई मार्क का उपयोग कर रही थीं। इसके अतिरिक्त, ये कंपनियां बोल्ट, स्क्रू और फास्टनर्स से संबंधित 'गुणवत्ता नियंत्रण आदेश' का उल्लंघन करते हुए बिना किसी वैध बीआईएस लाइसेंस के इन उत्पादों का भंडारण और विक्रय कर रही थीं।



बीआईएस अधिकारियों के अनुसार, मौके से लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के अवैध उत्पाद जब्त किए गए हैं। यह सामग्री बीआईएस अधिनियम, 2016 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

सभी संदिग्ध उत्पादों को विधिवत सील कर दिया गया है और संबंधित फर्मों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। यह सफल अभियान बीआईएस नोएडा शाखा के प्रमुख विक्रांत के दिशा-निर्देशन में चलाया गया। टीम का नेतृत्व निदेशक वीरेंद्र कुमार रावत ने किया, जिसमें उप निदेशक हर्षित कुमार जैन, सहायक निदेशक रसुजीत चोंगदर, आकाश कुमार यादव और दीपक कुमार (जेएसए) शामिल रहे। इस पूरी कार्यवाही में नोएडा फेज-2 थाना पुलिस का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

बीआईएस ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी उत्पाद को खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता और प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें। आईएससाआई मार्क, हॉलमार्क और सीआरएस चिह्नित उत्पादों की सत्यता परखने के लिए 'BIS Care App' का उपयोग करना सबसे सुरक्षित और आसान तरीका है।

# सातवां नवरात्रि मां कालरात्रि को समर्पित : महंत डॉ गिरिजा नंदनी गिरि

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। श्री महंत डॉ गिरिजा नंदनी गिरि के अनुसार, प्रकृति के दो छोर हैं—एक ओर मां कालरात्रि, जो अत्यंत भयावह और प्रलय स्वरूप हैं, वहीं दूसरी ओर मां महागौरी, जो सौम्यता, शांति और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं। मां महागौरी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और उन्हें आशीर्वाद प्रदान करती हैं।



उन्होंने बताया कि नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि के उग्र और शक्तिशाली स्वरूप की आराधना की जाती है। यह स्वरूप भले ही अत्यंत भयानक प्रतीत होता हो, लेकिन इसका मूल स्वरूप मातृत्व और संरक्षण से जुड़ा है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को ज्ञान, वैराग्य और निर्भयता का आशीर्वाद देती हैं।

मां कालरात्रि की पूजा के दौरान इस मंत्र का जाप विशेष फलदायी माना जाता है-ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः।

इस मंत्र के जाप से भक्त मां दुर्गा के सातवें स्वरूप की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, सप्तमी के दिन नारंगी रंग के वस्त्र धारण करना शुभ माना गया है, जो ऊर्जा, प्रकाश और सकारात्मकता का प्रतीक है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप जानते हैं कि अगर राजनीति में समाज की ताकत साथ है तो फिर हर कोई साथ है। नरेन्द्र कश्यप प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को कश्यप महाकुंभ आयोजित करते हैं। इस बार उनकी तैयारी से लग रहा है कि वह अपनी ताकत प्रदेश स्तर पर दिखाएंगे। नरेंद्र कश्यप ने झांसी के कोचिंग सेंटर से इस पोस्ट को साझा किया। बिरादरी की ताकत का एक संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# टेक्सास की तेल रिफाइनरी में विस्फोट से हड़कंप स्थानीय लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह



**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास में पोर्ट आर्थर स्थित वैलेरो रिफाइनरी में भीषण विस्फोट के बाद धुएं का गुबार छा गया है। प्रशासन ने एहतियातन लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अमेरिका में टेक्सास तट के पास सोमवार को एक तेल रिफाइनरी में विस्फोट हुआ। इस धमाके के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसमान में धुएं का भारी गुबार छा गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्थानीय निवासियों को घरों के भीतर ही रहने का आदेश जारी किया है।

राहत बचाव कार्य जारी

यह विस्फोट ह्यूस्टन से लगभग 145 किलोमीटर पूर्व में स्थित पोर्ट आर्थर की वैलेरो रिफाइनरी में हुआ। पोर्ट आर्थर की मेयर चार्लोट एम. मोसेस ने जानकारी दी कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। मेयर ने शहर के पश्चिमी हिस्से के लोगों से अपील की है कि वे घरों से बाहर न निकलें।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में रिफाइनरी से आग की लपटें और काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। प्रशासन ने फेसबुक के जरिए संदेश दिया है कि जब तक आपातकालीन सेवाओं की ओर से खतरा टलने की घोषणा का संकेत न मिल जाए, तब तक लोग सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

लोगों से सतर्क रहने की अपील

टेक्सास के राज्य प्रतिनिधि क्रिश्चियन मैनुअल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि 'टेक्सास कमीशन ऑन एनवायर्नमेंटल क्वालिटी' की टीम वायु निगरानी उपकरणों के साथ रिफाइनरी पहुंच गई है। उन्होंने निवासियों को सलाह दी है कि वे बाहरी गतिविधियों को सीमित करें और अपने घरों के खिड़की-दरवाजे बंद रखें।

वैलेरो की वेबसाइट के अनुसार, इस रिफाइनरी में लगभग 770 कर्मचारी काम करते हैं और इसकी क्षमता प्रतिदिन लगभग 4,35,000 बैरल तेल संसाधित करने की है। यह प्लांट कच्चे तेल से गैसोलीन, डीजल और जेट ईंधन तैयार करता है। गौरतलब है कि यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में अनिश्चितता बनी हुई है और गैस की कीमतों में पहले से ही भारी उछाल देखा जा रहा है।

# ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन इराक में अमेरिकी नागरिकों पर कर रहे हमले




**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संकट के चलते अमेरिकी नागरिक उग्रवादी संगठनों के निशाने पर हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने नागरिकों को इराक में सतर्क रहने और तुरंत इराक छोड़ने की सलाह दी है।

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले कर रहे हैं। विभाग ने अपने नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने की सलाह दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक बयान में कहा गया, 'इराक में ईरान समर्थित उग्रवादियों ने अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े लक्ष्यों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। अमेरिकी नागरिक तुरंत इराक छोड़ दें। इराक में अमेरिकी मिशन नागरिकों की सहायता के लिए खुला है।'

## 'दूतावास जाने के दौरान भी हो सकता है हमला'

बयान में आगे कहा गया कि मौजूदा सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास या एरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास जाने की कोशिश न करें, क्योंकि इराकी हवाई क्षेत्र में मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों का खतरा बना हुआ है। सभी नियमित कांसुलर सेवाएं, जिसमें वीजा सेवाएं भी शामिल हैं, फिलहाल निलंबित हैं। आपात स्थिति में अमेरिकी नागरिकों को संबंधित ईमेल के जरिए संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### इराक की यात्रा न करने की चेतावनी

अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों की इराक की यात्रा न करने की चेतावनी भी दोहराई है और कहा है कि किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें, और यदि वहां मौजूद हैं तो तुरंत देश छोड़ दें। इससे पहले शनिवार को अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों के लिए वैश्विक चेतावनी जारी की थी। इसमें कहा गया था कि ईरान समर्थक समूह अमेरिकी नागरिकों को निशाना बना सकते हैं। चेतावनी में कहा गया, 'दुनियाभर में, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी नागरिक अतिरिक्त सतर्कता बरतें। विदेश में रह रहे अमेरिकी नागरिक नजदीकी अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। समय-समय पर हवाई क्षेत्र बंद होने से यात्रा प्रभावित हो सकती है।'

## प. एशिया संकट: फिलीपींस के राष्ट्रपति ने की राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा

**मनीला।** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हो गया है, जिसके कारण कई देशों के लिए उर्जा आपूर्ति बाधित हो रही है। संकट को देखते हुए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देश में राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा की है।

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने मंगलवार को देश में 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ईंधन,खाद्य सामग्री, वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। तेल बचाओ-देश चलाओः वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने के लिए देशों ने अपनाए सख्त उपाय; अर्थव्यवस्था की चिंता भी बढ़ी मार्कोस ने एक कार्यकारी आदेश में कहा, यह संघर्ष वैश्विक उर्जा बाजारों में अनिश्चितता,आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय तेल में कीमतों में उतार-चढ़ाव पैदा कर रहा है, जिससे देश की उर्जा सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया है।

# इस्राइली मीडिया का दावा- अमेरिका से बातचीत को तैयार मोजतबा, ट्रंप ने बताया आखिर कब खुलेगा होर्मुज



**रियाद।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार हैं। इस्राइली मीडिया की इस रिपोर्ट के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज जल्द खुलेगा। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान और यूएस के बीच सकारात्मक चर्चा जारी है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। इस्राइली मीडिया आउटलेट 'येदिओथ अहरोनोथ' की रिपोर्ट के हवाले से अरब न्यूज ने दावा किया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। रिपोर्ट ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी मध्यस्थ स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बातचीत का हवाला दिया, जिसे ईरान में उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा मंजूरी मिली थी। हालांकि इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्रंप के दावों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि तेहरान ने पिछले 24 दिनों से वॉशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं की है।

यह अहम घटनाक्रम तब सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बहुत जल्द खुलेगा। जो कि एक महत्वपूर्ण वैश्विक शिपिंग मार्ग है। उन्होंने संकेत दिया कि वह इसकी कल्पना अमेरिका और ईरान द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधित किए जाने के रूप में करते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप कहा, अगर तेहरान के साथ बातचीत सफल रही तो जलडमरूमध्य जल्द ही खुलेगा। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज प्रतिदिन 15 मिलियन बैरल कच्चे तेल और 5 मिलियन बैरल तेल उत्पादों का परिवहन करता है। यह वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 25 फीसदी है। हालांकि, क्षेत्र में संघर्ष के कारण अब यह जलमार्ग जोखिम भरा हो गया है।

**सैन्य कार्रवाई टालने का दिया निर्देश**

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी युद्ध विभाग को ईरानी बिजली संयंत्रों और ऊर्जा स्थलों के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई को पांच दिनों के लिए टालने का निर्देश दिया। उन्होंने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के साथ राजनयिक जुड़ाव का हवाला दिया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में बहुत अच्छी और उत्पादक बातचीत की है। इसका मकसद इस क्षेत्र में आपसी दुश्मनी को खत्म करना है। ट्रंप ने इन चचाओं को गहन, विस्तृत और रचनात्मक बताया। उन्होंने आगे कहा कि बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी।

## जर्मन कोर्ट ने बीएमडब्ल्यू और मर्सडीज के खिलाफ क्लाइमेट केस किया खारिज

**नई दिल्ली।** जर्मनी की शीर्ष अदालत ने बीएमडब्ल्यू और मर्सडीज के खिलाफ जलवायु संबंधी एक मामले को खारिज कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि कम्बशन-इंजन वाली कारों की बिक्री बंद करने के लिए समय-सीमा तय करने का अधिकार केवल सांसदों को है।

जर्मनी की सर्वोच्च अदालत (फेडरल कोर्ट ऑफ जस्टिस) ने जलवायु से जुड़े एक अहम केस को खारिज कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि कंपनियों के कारोबार से सीधे तौर पर नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकार प्रभावित नहीं होते।

इसलिए निजी कंपनियों को यह आदेश नहीं दिया जा सकता कि वे तय समय से पहले ऐसी गाड़ियों की बिक्री बंद कर दें।

यूरोपीय संघ (ईयू) ने पहले ही फॉसिल फ्यूल कारों को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने का लक्ष्य तय किया है।

# बांग्लादेश में ताकतवर पूर्व सेना अधिकारी गिरफ्तार 2007 में सरकार बदलने में निभाई थी अहम भूमिका



**ढाका।** बांग्लादेश में साल 2007 में सरकार बदलने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सेना अधिकारी मसूद उद्दीन चौधरी को पांच मामलों में गिरफ्तार किया गया है। वह उस सेना समर्थित अंतरिम सरकार के प्रमुख चेहरों में थे, जिसने करीब दो साल तक देश पर शासन किया था और भ्रष्टाचार विरोधी अभियान भी चलाए थे।

बांग्लादेश के एक प्रभावशाली पूर्व सेना अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। यह अधिकारी 2007 में तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने सेना समर्थित अंतरिम सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, सादे कपड़ों में अधिकारियों ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मसूद उद्दीन चौधरी को सोमवार रात ढाका के बारिधारा स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। उन्हें 2007 में सरकार बदलने और अंतरिम सरकार स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में माना जाता है। यह अंतरिम सरकार 2008 के चुनाव तक करीब दो साल तक सत्ता में रही थी।

जांच शाखा के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने बताया कि मसूद उद्दीन चौधरी को उनके खिलाफ दर्ज पांच मामलों के संबंध में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, उन्होंने इन मामलों के आरोपों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

**राजदूत और सांसद भी रहे मसूद उद्दीन चौधरी**

चौधरी बाद में ऑस्ट्रेलिया में बांग्लादेश के राजदूत भी रहे और फिर जातीय पार्टी से सांसद बने। जातीय पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग की सहयोगी थी, जिसने दिसंबर 2008 के चुनाव में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया था। 2007 में सेना के समर्थन से बनी अंतरिम सरकार को पर्दे के पीछे हुए '1/11' (11 जनवरी 2007 को हुआ राजनीतिक) घटनाक्रम का नतीजा माना जाता है।

माना जाता है कि इस सरकार का मकसद दो बड़े नेताओं अवामी लीग की शेख हसीना और बीएनपी की खालिदा जिया को राजनीति से हटाना था। करीब दो साल तक चली इस अंतरिम सरकार के दौरान मौजूदा प्रधानमंत्री तारीक रहमान को भी गिरफ्तार किया गया था।

उन पर कई आपराधिक और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। हिरासत में उनके साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार भी हुआ था।

# ईरान में जंग किसने शुरू की : ट्रंप ने हेगसेथ पर फोड़ा ठीकरा, रक्षा मंत्री की तरफ इशारे के मायने क्या



**वॉशिंगटन।** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सैन्य हमले का मुख्य श्रेय रक्षा सचिव पीट हेगसेथ को दे दिया है। एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने पीट हेगसेथ की ओर इशारा करते हुए कहा पीट ईरान पर कार्रवाई करने के लिए बोलने पहले व्यक्ति थे।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध अब अपने चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के फैसले की जिम्मेदारी अपने रक्षा सचिव पीट हेगसेथ पर डाल दी है। टेनेसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप के एक बयान ने वाशिंगटन के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

**क्या हेगसेथ ने की थी युद्ध की वकालत?**

दरअसल सोमवार को मेम्फिस सेफ टास्क फोर्स की एक बैठक में ट्रंप ने संकेत दिया कि हेगसेथ उनके प्रशासन के पहले वरिष्ठ अधिकारी थे जिन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का सुझाव दिया था। ट्रंप ने अपने बगल में बैठे हेगसेथ की ओर इशारा करते हुए कहा, 'पीट, मुझे लगता है कि आप सबसे पहले बोलने वाले व्यक्ति थे और आपने कहा था, 'चलो यह करते हैं क्योंकि आप उन्हें परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते'।' ट्रंप ने आगे बताया कि ऑपरेशन को मंजूरी देने से पहले उन्होंने हेगसेथ, जनरल केन और कई अन्य महत्वपूर्ण लोगों को फोन किया था।

**युद्ध का चेहरा बने हेगसेथ**

फरवरी के अंत में शुरू हुए इस युद्ध का उद्देश्य ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, ड्रोन उत्पादन और नौसैनिक शक्ति को नष्ट करना बताया गया है। पीट हेगसेथ इस युद्ध के सबसे प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे हैं। वे नियमित रूप से पेंटागन में मीडिया को ब्रीफिंग दे रहे हैं और अमेरिकी सैन्य उद्देश्यों का बचाव कर रहे हैं। हाल ही में जब उनसे युद्ध की समयसीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कोई निश्चित तारीख बताने से इनकार कर दिया और कहा कि मिशन सही रास्ते पर है और ट्रंप ही इसके अंत का फैसला करेंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, युद्ध शुरू करने के फैसले पर ट्रंप प्रशासन के भीतर गहरे मतभेद थे।

# ग्रीनलैंड विवाद के बाद डेनमार्क में पहला आम चुनाव

## देश के लिए रणनीतिक रूप से अहम है ये इलेक्शन



**कोपेनहेगन।** डेनमार्क में ग्रीनलैंड विवाद के बाद पहला आम चुनाव हो रहा है। डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन तीसरी बार पीएम पद की रेस में बनी हुई हैं। ग्रीनलैंड विवाद के दौरान जिस तरह से उन्होंने डेनमार्क का मजबूती से पक्ष रखा, उससे उनकी लोकप्रियता में उछाल आया है।

डेनमार्क में मंगलवार को आम चुनाव के लिए मतदान हुआ, जहां प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही हैं। यह चुनाव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी के बाद हो रहे हैं। इस चुनाव में करीब 43 लाख से अधिक मतदाता डेनमार्क की संसद के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर रहे हैं। डेनमार्क में संसद का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।

प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने पिछले महीने समय से पहले चुनाव कराने का ऐलान किया था। माना जा रहा है कि ग्रीनलैंड संकट के दौरान उनकी मजबूत नेतृत्व वाली छवि का फायदा उठाने के उद्देश्य से उन्होंने तय समय से पहले चुनाव कराने का फैसला किया है। ग्रीनलैंड विवाद के दौरान प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने अमेरिकी दबाव में झुकने से इनकार कर दिया था, जिससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में फ्रेडरिक्सन की लोकप्रियता में उछाल आया है। डेनमार्क, जो यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य है, वहां यह चुनाव राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

**फ्रेडरिक्सन को इन नेताओं से मिल सकती है चुनौतीः** डेनमार्क में अक्तूबर में आम चुनाव प्रस्तावित थे, लेकिन यूक्रेन युद्ध और नोर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने पर जिस मजबूती से प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने अपने देश का पक्ष रखा, उससे फ्रेडरिक्सन की लोकप्रियता में उछाल आया, जिसके बाद फ्रेडरिक्सन सरकार ने समय से पहले चुनाव कराने का फैसला किया। डेनमार्क के चुनाव में बढ़ती महंगाई और असमानता प्रमुख मुद्दे हैं।

### ग्रीनलैंड विवाद क्या है

- ग्रीनलैंड डेनमार्क के अधीन एक स्वायत्त क्षेत्र है और रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।
- ट्रंप का कहना है कि अमेरिका की सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड अहम है।
- उनके मुताबिक यहां से मिसाइल डिफेंस सिस्टम को और मजबूत किया जा सकता है।
- ट्रंप ने आशंका जताई कि रूस और चीन इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं।
- इसी वजह से उन्होंने सहयोगी देशों पर दबाव बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी दी थी।

## मोहम्मद बाघेर जोलगाद्र को बनाया ईरान का नया सुरक्षा प्रमुख

**तेहरान।** इस्राइल के एयरस्ट्राइक में अली लारिजानी की मौत के बाद ईरान ने मोहम्मद बाघेर जोलगाद्र को सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल का नया सचिव बनाया है। जोलघदर पूर्व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर और अनुभवी सैन्य अधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति को ईरान की सख्त सुरक्षा नीति के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान ने अपने सुरक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव किया है। इस्राइल के हवाई हमले में शीर्ष नेता की मौत के बाद अब देश ने सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के नए सचिव की नियुक्ति कर दी है। क्या हमलों में मारे गए ईरान के खुफिया प्रमुख?: आईडीएफ ने किया बड़ा हमला, इस्राइली मीडिया का दावा ईरान ने मंगलवार को पूर्व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मोहम्मद बाघेर जोलगाद्र को सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल का नया सचिव नियुक्त किया।

# कोलंबिया विमान हादसे पर रक्षा मंत्री सांचेज ने जताया दुख

## रक्षा मंत्री ने हमले की आशंका से इनकार किया है, हालांकि इंजन फेल होने की बात सामने आ रही है



**बोगोटा।** कोलंबिया में सैन्य विमान हादसे ने कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह सिर्फ तकनीकी खराबी थी या तैयारी में चूक? रक्षा मंत्री ने हमले की आशंका से इनकार किया है, हालांकि इंजन फेल होने की बात सामने आ रही है। सवाल है कि आखिर टेकऑफ के तुरंत बाद क्या हुआ? क्या सुरक्षा जांच पर्याप्त थी? जांच एजेंसियां अब इन सवालों के जवाब तलाश रही है।

दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार को हुआ भीषण सैन्य विमान हादसा न सिर्फ कोलंबिया, बल्कि पूरे अमेरिकी महाद्वीप को झकझोर देने वाला साबित हुआ। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद सैनिकों से भरा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में जवानों की जान चली गई और कई घायल हो गए। इस हादसे ने सेना की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी खामियों और आपात तैयारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुरूआती जांच में हमले की आशंका से इनकार किया गया है, लेकिन तकनीकी खराबी की संभावना जताई जा रही है।

पूरी बात को ऐसे समझा जा सकता है कि कोलंबिया के अमेजन क्षेत्र में स्थित पुटुमायो प्रांत के प्यूर्टो लेगुइजामो शहर में सोमवार को एक बड़ा सैन्य विमान हादसा हो गया। यह विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल 128 लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर सैनिक शामिल थे। कोलंबिया की सेना के प्रमुख जनरल ह्यूगो एलेजांद्रो लोपेज बैरेटो ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में अब तक कम से कम 66 सैनिकों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार सैन्य कर्मी अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

**कोलंबिया के रक्षा मंत्री ने इस हादसे पर क्या कहा**

इस हादसे पर कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना पूरे देश के लिए बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने यह भी साफ किया कि अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि इस विमान पर किसी उग्रवादी या गैर-कानूनी सशस्त्र समूह ने हमला किया हो। रक्षा मंत्री के अनुसार, यह विमान पुटुमायो के ही एक अन्य शहर में सैनिकों को ले जा रहा था। हादसे के बाद घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के छोटे अस्पतालों में ले जाया गया और बाद में उन्हें बड़े शहरों, खासकर राजधानी बोगोटा भेजा गया।

रक्षा मंत्री ने जांच का भरोसा दिया

रक्षा मंत्री ने कहा कि उ-130 विमान का हादसा पूरे देश के लिए दुखद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस दुखद घटना का इस्तेमाल राजनीति या निजी फायदे के लिए न करें। ऐसा करना उन परिवारों के प्रति अनादर होगा जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस हादसे की जांच पूरी ईमानदारी और तेजी से की जाएगी।

सांचेज ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का लक्ष्य है कि पीड़ित परिवारों को सच्चाई पता चले और उन्हें न्याय मिले।

रक्षा मंत्री का कहना है कि सरकार सेना को मजबूत बनाने में लगातार काम कर रही है, लेकिन इस हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है, जो हादसे की असली वजह सामने लाएगी।

# न्यूयॉर्क एयरपोर्ट हादसाः कैसे बहादुरी और सूझ-बूझ से बचीं कई जिंदगियां, कंट्रोलर ने मानी अपनी गलती



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट पर हुए हादसे को लेकर खुलासा हुआ है कि कई यात्रियों की सूझबूझ और बहादुरी से कई जिंदगियां बच गईं। साथ ही विमान के पायलटों ने भी बहादुरी दिखाई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट पर हुए भयावह विमान हादसे में यात्रियों की सूझ-बूझ और हिम्मत ने कई जिंदगियां बचा लीं। एयर कनाडा का एक विमान रविवार रात को न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट पर एक फायर ब्रिगेड के ट्रक से टकरा गया था, जिसमें विमान के दोनों पायलटों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

यात्रियों की बहादुरी से बची कई जिंदगियां

यात्रियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद विमान के अंदर धुएं और ईंधन की गंध फैल गई थी, ऐसे में यात्रियों ने खुद ही बचाव की कमान संभाली। हादसे में विमान का कॉकपिट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। ऐसे में यात्रियों ने विमान के इमरजेंसी दरवाजे खोले और विमान के पंखों से कूदकर बाहर निकले। साथ ही अन्य घायल यात्रियों को भी विमान से निकलने में मदद की। एक यात्री, क्लीमेंट लेवीरे ने बताया, 'अजीब बात है कि मुझे डर या घबराहट नहीं हुई। हममें से ज्यादातर लोग स्थिति को समझ चुके थे, इसलिए हमने मिलकर सभी को बाहर निकाला।'

कनाडा के मॉन्ट्रियल से न्यूयॉर्क आए इस विमान में सवार करीब 40 यात्रियों और क्रू मेंबरों के साथ फायर ट्रक के दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

एक यात्री ने पायलटों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि लैंडिंग के समय उन्होंने जोरदार ब्रेक लगाए, जिससे कई जिंदगियां बच सकीं। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों पायलट कनाडा के निवासी थे।

रविवार देर रात हुआ यह हादसा तब हुआ जब फायर ट्रक को एक अन्य विमान की जांच के लिए भेजा गया था, जिसने तकनीकी कारण से टेकऑफ रद्द कर दिया था। इस दौरान एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को ऑडियो में फायर ट्रक को रुकने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है।

एयरपोर्ट कंट्रोलर ने खुद को इस गलती के लिए जिम्मेदार ठहराया है और ये माना कि उससे आपात स्थिति संभालने के दौरान गलती हुई।

विशेषज्ञों के अनुसार, हादसे के समय एयर ट्रैफिक और ग्राउंड मूवमेंट के बीच समन्वय की जांच अहम होगी।

अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने कहा कि एयरपोर्ट पर स्टाफ पर्याप्त है, लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी बनी हुई है।

जांचकताओं ने विमान के कॉकपिट और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर को बरामद कर लिया है, जिन्हें विश्लेषण के लिए वॉशिंगटन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन जल्द ही और जानकारी सामने आएगी।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# तालकटोरा से राजभर का संदेश

## 2027 की राजनीति में नई जमीन तलाशने की तैयारी

### रैली की पूरी कमान व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार जिंदल के कंधों पर





**नई दिल्ली।** 2 जून 2026 को तालकटोरा स्टेडियम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का ह्लशोषित वंचित सामाजिक समरसताह्व कार्यक्रम अब सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश की 2027 विधानसभा चुनावी राजनीति से जुड़ता नजर आ रहा है। इस आयोजन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य चेहरा होंगे, जो इस मंच के जरिए अपने सामाजिक आधार को और व्यापक करने का संकेत देंगे।

इस रैली की पूरी कमान व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार जिंदल के कंधों पर रखी गई है। संगठनात्मक तैयारी, भीड़ जुटाने और विभिन्न वर्गों को जोड़ने में जिंदल की सक्रियता इस बात का संकेत दे रही है कि पार्टी इस आयोजन को सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजनीतिक ताकत के प्रदर्शन में बदलना चाहती है। राजभर की राजनीति हमेशा से पिछड़े और वंचित वर्गों के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है। ऐसे में ह्लसामाजिक समरसताह्व के नाम पर हो रहा यह आयोजन दरअसल उन्हीं वर्गों को एकजुट कर 2027 के लिए मजबूत आधार तैयार करने की रणनीति माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में छोटे दलों की भूमिका लगातार अहम होती जा रही है। ऐसे में राजभर का यह शक्ति प्रदर्शन भाजपा और अन्य दलों के लिए भी संकेत है कि वे अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी को और मजबूत करने के मूड में हैं। रामअवतार जिंदल की जिम्मेदारी इस पूरे समीकरण में इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि व्यापारिक वर्ग को जोड़कर पार्टी अपने पारंपरिक वोट बैंक से बाहर निकलने की कोशिश कर रही है। यह संकेत साफ है कि 2027 में सिर्फ जातीय समीकरण ही नहीं, बल्कि वर्गीय संतुलन भी अहम भूमिका निभाएगा।

कुल मिलाकर, तालकटोरा का यह कार्यक्रम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लिए एक ऐसा मंच बनता दिख रहा है, जहां से ओमप्रकाश राजभर अपनी राजनीतिक ताकत का संदेश देंगे, जबकि रामअवतार जिंदल संगठनात्मक मजबूती के जरिए उस संदेश को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी निभाते नजर आएंगे।



### रामअवतार जिंदल ने स्वर्गीय अशोक अग्रवाल के सुपुत्र रजत अग्रवाल की भूमिका को सराहा

**करंट क्राइम।** आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे रामअवतार जिंदल ने कार्यक्रम के संयोजक एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दयाराम भार्गव के संयोजन में होने जा रहे कार्यक्रम को लेकर कहा कि उनकी अगुवाई में ये कार्यक्रम सफलता की ऊंचाईयां छुएगा। श्री जिंदल ने अभिन्न मित्र स्वर्गीय अशोग अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस आयोजन में अशोक जी के सुपुत्र रजत अग्रवाल की सहभागिता एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में उनका सक्रिय सहयोग हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

# गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ व्यापारियों की आर-पार की जंग

## प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, 3 दिन का अल्टीमेटम






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में हाउस टैक्स की दरों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में जनता और व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। 'गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति' के नेतृत्व में जिले के दर्जनों व्यापारिक, सामाजिक और आवासीय संगठनों ने एकजुट होकर हुंकार भरी। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर टैक्स वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

गाजियाबाद के दौरे पर आए प्रदेश के प्रभारी मंत्री असीम अरुण को विकास भवन में समिति के प्रतिनिधियों ने घेर लिया। विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और जिलाधिकारी की मौजूदगी में समिति ने अपनी मांगें रखीं।

प्रभारी मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे और शासन स्तर से जल्द ही बढ़ी हुई दरों को वापस लेने के निर्देश जारी करवाने का प्रयास करेंगे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गाजियाबाद में भाजपा के मेयर, विधायक और सांसद होने के बावजूद पिछले 10 महीनों से जनता परेशान है। कई बार घोषणाएं होने के बाद भी पुराने रेट पर टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है। समिति ने आरोप लगाया कि नगर निगम की इस कार्यशैली से न केवल आम जनता का शोषण हो रहा है, बल्कि सरकार की छवि और भाजपा के जनाधार को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है। इस प्रदर्शन में शहर की ताकत एक साथ नजर आई। इसमें मुख्य रूप से शामिल थेः उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, साहिबाबाद व्यापार मंडल, और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स। आवासीय संगठनः कवि नगर, प्रताप विहार, गुलमोहर और सिटी आर०डब्ल्यू०ए० सहित अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन। किसान एवं सामाजिक संगठनः भारतीय किसान यूनियन (भानू एवं टिकैत गुट), महानगर कांग्रेस, और कई सामाजिक कार्यकर्ता।

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि 3 कार्य दिवस के भीतर हाउस टैक्स बढ़ोतरी को निरस्त करने हेतु शासन स्तर से आधिकारिक आदेश (जीओ) जारी किया जाए। प्रदर्शन के दौरान तिलकराज अरोड़ा, बालकृष्ण गुप्ता, धीरेंद्र यादव बिल्लू, अजय शर्मा, विनीत चौधरी और संजय शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार नदिया पार के राजकुमार सा अंदाज रखने वाले भाटी जी ने दिखा दिया अपने शब्दों का दम? वो बोले कोई कुछ भी कर ले, नहीं होगा हाउस टैक्स कम? ये शब्द कह कर ना जाने उन्होंने किया किसकी ओर इशारा? फिर उन्होंने शासन की ओर निहारा? बोले अब तो शासन ही कर सकता है इस मैटर का समाधान? इसलिए उम्मीदें वहां पर टिकीं हैं? बाकी नहीं मिलना कहीं से भी आराम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रेड फेस वाले नामित पार्षद ने भी रख दी इस दौरान अपने मन की बात? वो बोले अगर सभी पार्षदों में एका होता? तो यूं हाउस टैक्स नहीं बढ़ता साहब? उन्होंने वैसे तो नहीं लिया यहां पर किसी पार्षद का नाम? सुनने वाले ने इस बात को सुन कर कहा? देखते हैं रेड फेस मैन क्या देते हैं इस मामले में पैगाम? उनका निगम में आना नहीं है बात आम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगातार हो रही थी यहां पर हाउस टैक्स की बात? यहां पर डांसिंग जैक भगवा झा ने भी रखे अपने दिल के जज्बात? कहा मैं हूं इस बात से हैरान क्यों भेज रहा है नगर निगम हाउस टैक्स के लगातार तकादे के फरमान? पिछले 20 वर्षों में ऐसा पहली बार मैं कर रहा हूं महसूस? निकाल कर देख लेना मेरे मोबाईल का इतिहास? पिछले इतने सालों में हाउस टैक्स जमा करने का एक भी मैसेज नहीं आया होगा मेरे पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब कार्यक्रम का बैकड्रॉप लगाने वाला मामला हो गया लेट? तब उन्होंने युवा चौधरी पर ताना मारा ठेठ? कहा जब नहीं उठा सकते जिम्मेदारी? तो क्यों हाथ में लेते हो इस तरह के काम? कहने वाले ने कहा मैं इस बात को सुनकर हो रहा था हैरान? मुझे हो रही थी इस बात की फिक्र? कहीं नाम फाईनल होने के टाईम पर ना आ जाये इस बैकड्रॉप वाली लापरवाही का जिक्र?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन के एक गुर्जर पदाधिकारी का कार्यक्रम के दौरान धन को पालने वाले के सचिव जी पर था विशेष रूप से ध्यान? उन्होंने जब दो बार नमस्ते बोली, तब नहीं गया सचिव जी का उन पर ध्यान? मगर यहां पर गुर्जर चेहरे ने भी लिया था कुछ और ही ठान? इसके बाद उन्होंने लगातार चार बार नमस्ते ठोंकी? खींच लिया कुछ इस तरह उन्होंने सचिव जी का ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कार्यक्रम स्थल के बाहर दिखाई दे रहा था मैम्बर शर्मा और पूरी पहलवानी से कमांडर के दोस्त का किरदार? यहां पर भगवा टॉम क्रूज चौधरी भी थे मौजूद? उनके साथ दिखाई दे रहा था तिकड़ी वाले मैम्बर त्यागी जी का भी वजूद? यहां पर रखी शर्मा की बात में बात मिलाकर पहलवान जी ने राय? वो त्यागी जी से बोले आप प्रयास करें और सहउपाध्यक्ष बन जायें? हमें पता है आपके कुछ ही प्रयासों से ये व्यवस्था आ जायेगी आपके पास? आप जानते हैं हम यूं ही नहीं कहते हैं कोई बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन की टीम के गठन में मैं देख रहा हूं एक बात? जिन्हें मिली है सोशल मीडिया की जिम्मेदारी? उनकी ओर से नहीं कराया जा रहा किसी भी तरह की सक्रियता का एहसास? किसी की ओर से अभी तक नहीं की जा रही है पार्टी के कार्यक्रमों की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर? कहने वाले ने कहा ऐसा लगता है इन्हें पद तो मिल गये हैं? मगर ये सब अपनी जिम्मेदारी को लेकर नहीं है अवेयर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाजपत जी वाले एरिया में भगवा सरदार जी और चाबी खो जाने वाले त्यागी जी लेने गये थे सिटिंग? यहां पर बस की व्यवस्था को लेकर वो कर रहे थे मीटिंग? उन्होंने मैम्बर शर्मा से पूछा आप कितनी बस चाहेंगे? शर्मा जी बोले हम तो वैसे ही आ जायेंगे? सुना है पूरी राय से एक मैम्बर ने किया बस वाली बात पर अपनी चोट का जिक्र? कहने वाले ने कहा कि मैम्बरों का ये रवैया बढ़ा रहा है हमारी फिक्र?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा मोर्चा वाली टीम को लेकर अब शॉर्टलिस्ट होने लगे हैं फेस? सुना है मोनू त्यागी, संदीप चौधरी, आशुतोष शर्मा और राहुल गिरी में से कोई बनायेगा अपना बेस? कहने वाले ने कहा देखना अब ये है कि हवाई जहाज वाली रैली को लेकर कौन कितनी भीड़ जुटाने में दिखायेगा दम? पता चल जायेगा कहां है कितना पानी? कहां है कितना कम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आप कर रहे हो मोदी जी के कार्यक्रम की बात? तो उससे एक दिन पहले होने वाली समाजवादियों की रैली का भी करा दो एहसास? क्या सिकंदर यादव, अभिषेक गर्ग, विशाल वर्मा, जाकिर अली, दिशांत त्यागी करायेंगे इस बात का एहसास? वो कितनी भीड़ कार्यकम में लेकर जायेंगे अपने साथ? कहने वाले ने कहा कि जिसके साथ जितनी भीड़? उतनी मजबूत उसकी दावेदारी की रीढ़?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों ने संभव के अंतर्गत की जनसुनवाई, प्राप्त हुए 9 संदर्भ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की गई। मौके पर निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे। विशेष रूप से अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, निर्माण विभाग से एसपी मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संभव के दौरान 09 संदर्भ प्राप्त हुए। निर्माण विभाग से दो संदर्भ, उद्यान विभाग का एक संदर्भ, संपत्ति विभाग से एक संदर्भ, टैक्स विभाग से दो संदर्भ, अतिक्रमण संबंधित दो संदर्भ, अन्य विभाग से एक संदर्भ प्राप्त हुआ। प्राप्त संदर्भों पर नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर टीम भी भेजी गई। हाउस टैक्स के प्राप्त दो संदर्भों पर जांच करते हुए कार्यवाही प्रारंभ की गई। संभव में प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के लिए नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को निर्देशित किया गया।

साथ ही मॉनिटरिंग को प्रबल करने के लिए कहा गया। वसुंधरा, सेक्टर 23 संजय नगर, न्यू आर्य नगर शिबनपुरा, साहिबाबाद, गोविंदपुरम, विजयनगर से आगंतुकों ने अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा तथा समाधान के लिए कार्यवाही प्रारंभ की गई।

## बोलता फोटो



**गाजियाबाद, करंट क्राइम। तस्वीर में दो विधानसभा के दावेदार हैं। अनिल खेड़ा धौलाना विधानसभा से दावेदारी में हैं और अजय शर्मा ने एक बार फिर साहिबाबाद की ओर रूख कर लिया है। अनिल खेड़ा ने अजय शर्मा के कान में कुछ यही पूछा है कि तुम्हारी दावेदारी कैसी चल रही है। अजय शर्मा ने ध्यान से बात सुनी और कहा कि मैं पूरी ताकत से जुटा हूं और तुम भी अपनी दावेदारी पर ध्यान दो। यह फोटो बना करंट क्राइम बोलता फोटो।**

### केएल फार्म हाउस पर दबंगों का तांडव, संचालक पर जानलेवा हमला और जमकर तोड़फोड़

**लोनी, करंट क्राइम :** अंकुर विहार थाना क्षेत्र के विजय विहार अंडरपास के पास स्थित केएल फार्म हाउस में सोमवार देर शाम दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। हमलावरों ने न केवल फार्म हाउस के संचालक के साथ मारपीट की, बल्कि कार्यालय और वहां खड़ी गाड़ियों में भी भारी तोड़फोड़ की।

हमले में गंभीर रूप से घायल संचालक को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल नीरज को तत्काल दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला पुरानी प्रॉपर्टी के विवाद से जुड़ा लग रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि घटना में दो लोग घायल हुए हैं। एसीपी के मुताबिक : 'फिलहाल घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस को अभी तक पीड़ितों की ओर से कोई लिखित तहरीर (शिकायत) प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

### महानगर भाजपा टीम पर अजय गुप्ता का तंज, दिग्गजों की अनदेखी पर उठाए सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर भाजपा की नई टीम के गठन के बाद उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने टीम में कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को स्थान न मिलने पर सवाल उठाते हुए इसे संगठन के लिए चिंताजनक बताया। अजय गुप्ता का कहना है कि जिन दिग्गज नेताओं ने वर्षों तक संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया, उन्हें इस बार टीम से बाहर रखा गया है, जिससे उनके समर्थकों में मायूसी है। उन्होंने इसे संगठन के भीतर संतुलन की कमी करार दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े और पूर्व अध्यक्षों के साथ तालमेल बनाकर चलने वाले नेताओं की अनदेखी करना समझ से परे है। ऐसे फैसलों से कार्यकताओं का मनोबल प्रभावित हो सकता है। अब देखना होगा कि पार्टी हाईकमान इस स्थिति को कैसे संभालता है—क्या इन वरिष्ठ नेताओं को अन्य जिम्मेदारियां देकर संतुलन बनाया जाएगा या यह असंतोष आगे और बढ़ेगा।

## पूजा अर्चना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर के महंत गिरीशा नंद ने पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी का स्वागत किया और उनके मंगल की कामना की।**

## उद्यमियों की समस्याओं पर मंथन, एनईए ने सीईओ से उठाए अहम मुद्दे



**नोएडा।** उद्यमियों की संस्था नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करूणेश के साथ उद्योगों से संबंधित समस्याओं के समाधान के संबंध में एक बैठक की। इस दौरान प्राधिकरण के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहें।
सीईओ संग बैठक के दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा उद्योगों में कमर्शियल गतिविधि चलाने पर धारा 10 बी के नोटिस जारी किए जाते हैं जिन्हें वर्ष 2021 से पूर्व उद्यमी द्वारा कमर्शियल गतिविधि बंद कर भविष्य में कामर्शियल गतिविधि न चलाने का शपथ-पत्र देने पर नोटिस वापिस ले लिया जाता था। लेकिन अब प्राधिकरण द्वारा ऐसे प्रकरणों में कमर्शियल गतिविधि न करने का शपथ-पत्र देने के साथ 1 प्रतिशत चार्जेज जमा करने तथा इकाई में जाकर सर्वे कर पुन: कमेटी में रखे जाते हैं। अत: कमेटी को हटाकर इस व्यवस्था को पूर्व की भांति ही रखा जाए तथा ऐसे प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण के औद्योगिक विभाग के ओएसडी स्तर के अधिकारी द्वारा ही किया जाए। एनईए अध्यक्ष ने सीईओ को बताया कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा लीज पर सेक्टर-65 तथा सेक्टर-67 में औद्योगिक गतिविधि चलाने के लिए उद्यमियों को लगभग 24 वर्ष पूर्व भूमि आवंटित की थी। जिसका उद्यमियों द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर भवन निर्माण कर अपना उद्योग स्थापित कर उत्पादन शुरू कर दिया था।

वर्ष 2015 में कई उद्यमियों को तहसीलदार दादरी द्वारा उक्त भूमि को पशुचर अंकित दर्शाकर नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि से बेदखल कर करोड़ों रुपए जमा करने के लिए रिकवरी नोटिस भेजे गए।

## आरकेजीआईटी में 'आर्ट ऑफ माइंड कंट्रोल' पर विशेष व्याख्यान



### छात्रों को सिखाए तनाव मुक्ति के गुर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के आईईईई स्टूडेंट ब्रांच द्वारा एथिकक्राफट के सहयोग से एक विशेष अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। 'आर्ट ऑफ माइंड कंट्रोलः तनाव, चिंता एवं अवसाद से मुक्ति' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आधुनिक जीवनशैली के दबावों से निपटने के लिए सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय युवा फाउंडेशन (आईवाईएफ) के डिप्टी डायरेक्टर एवं पूर्व एयरोनॉटिकल इंजीनियर अरविंदाक्ष माधव दास उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने मानसिक संतुलन बनाए रखने और नकारात्मक विचारों पर नियंत्रण प्राप्त करने के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सरल एवं व्यावहारिक तकनीकों के माध्यम से बताया कि कैसे सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन सीएसई विभागाध्यक्ष एवं आईईईई स्टूडेंट ब्रांच के काउंसलर डॉ. अमित सिंघल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में आईईईई के पूर्व चेयरपर्सन वंश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही, वहीं डॉ. विनीत श्रीवास्तव ने फैकल्टी कोऑर्डिनेटर के रूप में व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संभाला।

कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान और डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने इस पहल की सराहना की। संस्थान के प्रबंधन ने डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव और डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच. जी. गर्ग के साथ मिलकर सभी आयोजकों एवं प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।**